आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

www.hukmnamasamachar.com
www.Lokvarta.net

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 190: मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

अजमेर, रविवार, 31 मई, 2026



## 60 से 80 की स्पीड से चली हवा, दिन में छाया अंधेरा

# प्रदेश के कई जिलों में 'रेतीला तूफान'



## जयपुर में ओले गिरे

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नौतपा की भीषण तपिश के बीच शनिवार को राजस्थान के मौसम ने अचानक ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि कई जिलों में दिन में ही रात जैसा अंधेरा छा गया। पाकिस्तान सीमा क्षेत्र से उठे रेतीले तूफान ने श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू और सीकर जिलों को अपनी चपेट में ले लिया। 60 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी के साथ उठे धूल के विशाल गुबार ने करीब 200 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को प्रभावित किया। सबसे पहले हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर क्षेत्र में रेतीले तूफान का असर दिखाई दिया, जिसके बाद यह तेजी से बीकानेर, चूरू और सीकर तक फैल गया। तूफान इतना तेज था कि दिन के उजाले में भी वाहनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता बेहद कम हो गई और लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा।

## अजमेर-जोधपुर में बारिश



**दिन में रात जैसा नजारा** बीकानेर में दोपहर के समय ऐसा दृश्य देखने को मिला मानो रात हो गई हो। आसमान धूल के घने गुबार से ढक गया और कई मिनटों तक सूर्य दिखाई नहीं दिया। चूरू जिले के सरदारशहर क्षेत्र में तेज आंधी के कारण घरों के भीतर तक रेत भर गई।

**पेड़ उखड़े, बिजली व्यवस्था प्रभावित** तूफान के प्रभाव से कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। अनेक क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई। राहत की बात यह रही कि समाचार लिखे जाने तक किसी जनहानि की सूचना नहीं मिली थी।

**अजमेर और जोधपुर में भी बदला मौसम** अजमेर संभाग में बादलों की आवाजाही और हल्की बारिश के कारण मौसम सुहाना बना रहा। वहीं जोधपुर संभाग में भी तेज हवाओं और बादलों के कारण गर्मी का असर कम हुआ है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में इन क्षेत्रों में भी आंधी और बारिश की संभावना जताई है।

### अगले कुछ दिन सक्रिय रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसम प्रणालियों के प्रभाव से अगले चार से पांच दिनों तक प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

### मानसून को लेकर भी राहत भरी खबर

मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले सात दिनों के भीतर केरल तट पर पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना भी जताई है। जून से सितंबर के बीच देश में औसतन 78 सेंटीमीटर वर्षा होने का अनुमान है, जबकि सामान्य औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है।

### देश के अन्य राज्यों में भी मौसम का असर

हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में आंधी, बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश तथा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बंगाल में अभिषेक बनर्जी से मारपीट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे।आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया।

### पंजाब कांग्रेस की बैठक में तीखी नोक झोंक

**नई दिल्ली।** पंजाब नगर निकाय चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें वरिष्ठ नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इससे राज्य इकाई के भीतर के मतभेद खुलकर सामने आ गए, क्योंकि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे के आवास पर आयोजित इस उच्च स्तरीय रणनीति बैठक में राहुल गांधी, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और पंजाब के प्रमुख नेता उपस्थित थे। पार्टी के नगर निगम चुनाव प्रदर्शन पर चर्चा जल्द ही विवादों में घिर गई।

## भारत ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार-आर्मी चीफ



**पुणे/दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। फिलहाल संघर्ष विराम जैसी स्थिति है। जरूरत पड़ी तो तीनों सेनाएं 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक बेंचमार्क सेट कर दिया है कि भारत किसी भी उकसावे पर कैसे जवाब देता है। आज पास होने वाले अफसर अपने करियर की शुरुआत से ही इस बेंचमार्क को बनाए रखें। आर्मी चीफ पुणे के खड़कवासला में शनिवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी का 150वीं पासिंग आउट परेड में शामिल हुए। उन्होंने 355 कैडेट अफसरों की परेड की सलामी ली। इस दौरान कैडेट्स ने मार्च पास्ट किया। एयरफोर्स के फ्लाईपास्ट में सुखोई, चेतक हेलिकॉप्टर, सारंग हेलिकॉप्टर एरोबेटिक्स टीम और आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम ने हिस्सा लिया।

**सेना प्रमुख के नए अफसरों को मैसेज** आधुनिक युद्ध पारदर्शी हो गया है। 24 घंटे हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। ऐसे में सैनिकों की तैनाती, ऑपरेशन और बॉर्डर के पास बसे नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। जीत हमेशा दिमाग में होती है।

## दिल्ली में आईएसआई-दाऊद नेटवर्क से जुड़े 9 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्रस्ढ और दाऊद इब्राहिम के अंडरवर्ल्ड नेटवर्क से जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, ग्रेनेड और विस्फोटक मिले हैं। पुलिस ने बताया कि ये लोग बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। इनके निशाने पर दिल्ली, मुंबई के प्रमुख धार्मिक स्थल, सरकारी इमारतें, मंत्रालय और सुरक्षाबल थे। जांच के मुताबिक यह आतंकी मॉड्यूल लंबे समय से तैयार किया जा रहा था। आरोपी पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स से भी संपर्क में थे। न्यूज एजेंसी एएनआई ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि आरोपी दिल्ली, मुंबई और पंजाब के हैं।

## पारदर्शिता चुनाव आयोग की पहचान : ज्ञानेश कुमार



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को कहा कि कुछ लोगों द्वारा नकारात्मक या झूठी बातें फैलाए जाने के बावजूद पारदर्शिता चुनाव आयोग की पहचान है। हर मतगणना अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चुनाव नतीजों की पारदर्शिता को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली है और कई देश भारत के चुनावी कानूनों को अपना रहे हैं।

उक्त बातें उन्होंने चुनाव अधिकारियों की एक कॉन्फ्रेंस में कहीं. साथ ही उन्होंने कहा कि भारत में चुनाव संविधान, चुनावी कानूनों और चुनाव आयोग के पारदर्शी आदेशों के मुताबिक ही संपन्न होते हैं. लोकसभा चुनावों के दौरान आयोग 1.8 करोड़ लोगों को तैनात करता है, जो निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के साथ पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हैं।

# जन भागीदारी से जन आंदोलन बना 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर प्रदेशवासियों ने निभाई सक्रिय सहभागिता



फाईल फोटो

### 5 दिन में हुए 7.31 लाख कार्यक्रम लगभग 3 करोड़ लोगों ने निभाई भागीदारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान-2026' जन आंदोलन का स्वरूप लेता जा रहा है। अधिकमास में गंगा दशमी (25 मई) के पावन अवसर पर शुरू हुए प्रदेशव्यापी अभियान के 5 दिन में ही लगभग 3 करोड़ नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी दर्शाई। अब तक 7.31 लाख से अधिक स्थानों पर जल संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने टोंक के बीसलपुर बांध, भरतपुर के बंध बरेठा बांध और सुजान गंगा पर जल-पूजन व दीपदान कर अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद से अभियान गांव-गांव तक पहुंच गया है। शहर, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन कुओं, बावड़ियों, तालाबों एवं अन्य जल स्रोतों की सफाई, श्रमदान, वर्षा जल संग्रहण, जल चौपाल, प्रभात फेरी, कलश यात्रा आदि कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभा रहे हैं।

### 'आधी आबादी' की बराबर की भागीदारी

अभियान में 29 मई तक 7 लाख 31 हजार 421 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 92 हजार 150 जल स्रोतों और 42 हजार 15 सरकारी भवनों की सफाई, 52 हजार 934 स्थानों पर श्रमदान एवं हरियालो राजस्थान अभियान में पौधारोपण के लिए 36 हजार 822 पिट खोदना शामिल है। वहीं, 8 हजार 642 नवीन विकास कार्य प्रारंभ करने के अलावा 21 हजार 410 पूर्ण कार्यों का अवलोकन एवं लोकार्पण किया जा चुका है। इसके अलावा 32 हजार 437 कलश यात्राएं, 13 हजार 886 जल चौपाल एवं प्रभात फेरी, 12 हजार 669 ग्राम सभाएं तथा 4 हजार 215 बैठक एवं सेमीनार आयोजित किए जा चुके हैं। इसी प्रकार 4 लाख 13 हजार 910 स्थानों पर पूजन, नुक्कड़ नाटक एवं प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### जल सेवा के साथ मनाया जाएगा नो प्लास्टिक डे

**अभियान के तहत 31 मई को वंदे गंगा प्रभात फेरी, वंदे गंगा रैली, साइकिल रैली, श्रमदान, वंदे गंगा जल सेवा, जल संग्रहण संरचनाओं की गाद निकालना, पशु खेलियों, बावड़ियों की साफ-सफाई, परिंडे बांधना, जल स्रोतों की सफाई-मरम्मत के कार्य व दीप प्रज्वलन, महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का निष्पादन करते हुए नो प्लास्टिक-डे मनाया जाएगा।**

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

नौतपा से सहमें थे सब, तापमान में थी तेजी
घर में सब दुबके हुए थे, हो रखे थे सब लेजी
मौसम ने पलटी खाई, ओला बारिश का खेल
नौतपा की गर्मी बदली, देखो कैसे सिस्टम फेल

..मुखिया जी

## ट्रम्प की बेटी टिफनी ने पति के साथ ताजमहल देखा



### नक्काशी देखकर चौंकीं, पूछा- इतना सुंदर मार्बल कहां से आया

**आगरा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी टिफनी अपने पति माइकल बॉऊलोस के साथ शनिवार को आगरा पहुंचीं। दोनों ने करीब एक घंटे ताजमहल परिसर में बिताए। ताजमहल की खूबसूरती देखकर टिफनी काफी खुश नजर आईं। उन्होंने गाइड रमेश दीवान से पूछा- ताजमहल में जो मार्बल लगे हैं, वां कहां से लाए गए। इसकी इतनी सुंदर नक्काशी कैसे की गई। रमेश ने जवाब दिया कि संगमरमर कहीं से लाए नहीं गए। ये भारत के ही हैं। नक्काशी में प्रयोग हुए स्टोन के बारे में बताया कि स्टोन भारत के अलावा अफ्रीका, यमन जैसे देशों से मंगाए गए थे। टिफनी और माइकल डायना बेंच के पास पहुंचे। एक-दूसरे का हाथ थामकर तस्वीरें खिंचवाईं। दोनों ने अलग-अलग पोज में फोटोज क्लिक करवाईं। उन्होंने अपने स्टाफ के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।



### डोनाल्ड ट्रंप की बेटी आज जैसलमेर आएंगी

**जैसलमेर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की छोटी बेटी टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बोलस के साथ रविवार को राजस्थान के जैसलमेर पहुंचेंगी। यह शाही जोड़ा चार्टर प्लेन से सीधे जैसलमेर पहुंचेगा। उनके इस हाई-प्रोफाइल और निजी दौरे को देखते हुए पर्यटन नगरी में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## केंद्र सरकार ने 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्क किए माफ



**नई दिल्ली।** मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों के बीच सरकार ने शनिवार को घोषणा की कि भारतीय वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 जून से 30 अक्टूबर तक कपास के आयात पर सभी सीमा शुल्कों में अस्थायी छूट दी जाएगी। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, इस अस्थायी शुल्क छूट से वस्त्र और परिधान क्षेत्र की उत्पादन लागत कम होने की उम्मीद है। इससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं दोनों को राहत मिलेगी, साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा। सरकार का मानना है कि इस कदम का घरेलू वस्त्र उद्योग, विशेषकर लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रदर्शन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बाजार में कपास की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के कपास क्षेत्र में उत्पादन संबंधी बाधाओं, धीमी वृद्धि और गुणवत्ता संबंधी चुनौतियों को दूर करने के लिए 'कपास उत्पादकता मिशन' (2026-27 से 2030-31) के लिए 5,659.22 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी थी।

CMYK

# इत्तेहाद, तालीम और समाजी बेहतरी का पैगाम लेकर डोडियाना पहुंचे अहसान अली सोलंकी, हुआ पुरखुलूस इस्तकबाल

**डोडियाना (हुक्मनामा समाचार)।** मंसूरी वेलफेयर सोसाइटी तैली 53 गोत्र 84 खेड़ा मेड़ता पट्टी के सदर (अध्यक्ष) अहसान अली सोलंकी के ग्राम डोडियाना में एक समाजी कार्यक्रम में शिरकत करने पर समाज बंधुओं द्वारा उनका गर्मजोशी और पुरखुलूस अंदाज में इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर साफा, फूल-मालाओं और सम्मान के साथ उनका स्वागत कर हाल ही में आयोजित हुए प्रतिभा सम्मान समारोह की शानदार और कामयाब तंजीम के लिए मुबारकबाद पेश की गई। अहसान अली सोलंकी के साथ बसीर मोहम्मद जावला, अनवर खां मेड़ता, आरिफ खां मेड़ता, सराज मोहम्मद बड़ी पादू, फरीद मोहम्मद, मेहबूब पून्दलू, सोनू पादू तथा अनवर खां रियां सहित कई समाजी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी मेहमानों का भी साफा और मालाएं पहनाकर इस्तकबाल किया गया। कार्यक्रम में स्वागतकर्ताओं में भंवरू ठेकेदार, भंवरू तेली, सकूर तेली, अलाउद्दीन खिलजी (अध्यापक), सुवादीन, हाकम खां, सलीम मोहम्मद तेली, मुबारक खां, शाहरुख खां तथा समाज के अनेक बुजुर्ग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अपने खिताब (संबोधन) में अहसान अली सोलंकी ने समाज में इत्तेहाद (एकता), इल्म (शिक्षा) और अखलाक (संस्कार) को तरक्की की बुनियाद बताते हुए कहा कि जिस समाज में तालीम का उजाला होता है, वहां कामयाबी खुद रास्ता तलाश कर लेती है। उन्होंने खास तौर पर बेटियों की शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता पर खुशी जाहिर की और इसे समाज के लिए एक बेहद मुबारक और हौसला अफजाई करने वाला कदम बताया। सोलंकी ने युवाओं से मुखातिब होते हुए कहा कि आज का दौर इल्म, मेहनत और हुनर का दौर है। समाज के नौजवान अगर पूरी लगन और ईमानदारी से तालीम हासिल करें तो वे अपने परिवार, समाज और मुल्क का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने लड़कों को भी पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई बुलंदियों को छूने का संदेश दिया।



**तेज आंधी-तूफान व बारिश का दौर जारी: मारवाड़ बलिया में मकान पर गिरी बिजली, खोजास में टूटा विद्युत पोल**

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला हुआ है। तेज अंधड़, धूल भरी आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है, वहीं कई जगहों से नुकसान और आकाशीय बिजली गिरने की खबरें भी सामने आ रही हैं।नजदीकी ग्राम मारवाड़ बालिया में एक आवासीय मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बिजली गिरने से मकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की केबल पूरी तरह जलकर राख हो गई, लेकिन अन्य सभी सामान सुरक्षित रहे। वहीं दूसरी ओर, तेज आंधी-तूफान के कारण सांखला की ढाणी (खोजास) में एक बिजली का खंभा (विद्युत पोल) उखड़कर जमीन पर गिर गया। पोल गिरने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

## बांसखेड़ी के पास दर्दनाक सड़क हादसा

### खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत; लापरवाही पर उठे सवाल

**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** क्षेत्र के बांसखेड़ी गांव के समीप शुक्रवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। वहीं सड़क किनारे अंधेरे में खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरत सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी बांसखेड़ी तथा दुर्गेश मेघवाल पुत्र भगवान लाल मेघवाल एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर पिड़ावा से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान बांसखेड़ी के निकट सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली रात के अंधेरे में दिखाई नहीं दी और उनकी बाइक सीधे ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक का माहौल छा गया। **सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली पर उठे सवाल** इस हादसे के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि ट्रैक्टर-ट्रॉली



सड़क किनारे अंधेरे में खड़ी नहीं होती तो संभवतः यह हादसा नहीं होता और दोनों युवकों की जान बच सकती थी। सवाल यह कि आखिर बिना किसी चेतावनी संकेत, रिफ्लेक्टर या सुरक्षा व्यवस्था के सड़क किनारे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करना कितना उचित है स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय सड़क किनारे खड़े भारी वाहन दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहे हैं।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित हुए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशन में संचालित 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान-2026 के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा जिले की सभी 11 पंचायत समितियों में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। **अनिल जैन अधीक्षण अभियंता वाटरशेड विभाग ने बताया कि** अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों तथा आमजन की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रमों के दौरान अभियान स्थलों के निकट श्रमदान कर जल स्त्रोतों एवं सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई तथा 'हरियालो राजस्थान' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए सामूहिक संकल्प लिया। साथ ही अभियान से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री की प्रदर्शनी लगाकर आमजन को जल बचत, वर्षा जल संचयन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## गंगापुर में विश्वराज सिंह मेवाड़ व सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ का भव्य स्वागत, राजपूत समाज व सर्व समाज ने किया अभिनंदन

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** करेड़ा स्थित जगदीश भगवान मंदिर में आयोजित राजपूत समाज के सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ एवं राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के गंगापुर आगमन पर कोर्ट चौराहे पर राजपूत समाज एवं सर्व समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मेवाड़ क्षत्रिय महासभा सहाड़ा के तहसील अध्यक्ष लाल सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में समाज के लोगों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का पुष्पमालाएं पहनाकर, साफा बंधवाकर एवं जयकारों के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान कोर्ट चौराहे पर काफी संख्या में समाजजन एकत्रित हुए और मेवाड़ की परंपरा के अनुरूप अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने मेवाड़ की गौरवशाली विरासत, सामाजिक एकता तथा समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। उपस्थित लोगों ने विश्वराज सिंह मेवाड़ और महिमा कुमारी मेवाड़ के नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके जनसेवा कार्यों की प्रशंसा की। स्वागत समारोह में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता,



राजपूत समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा जनप्रतिनिधियों के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी की गई।

## भीलवाड़ा की प्रतिभाओं को मिलेगा नया आसमान आज होगा 'बेस्ट ऑफ भीलवाड़ा-थंडर सीजन 2' का भव्य आगाज

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यरत टीम डीसीबीए (डायमंड क्रू भीलवाड़ा एसोसिएशन) द्वारा 31 मई को 'बेस्ट ऑफ भीलवाड़ा (क्व्ह्क्क) - थंडर सीजन 2' के भव्य शुभारंभ समारोह का आयोजन किया जाएगा। रिलायंस मॉल स्थित सेंट्रल एट्रियम में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम भीलवाड़ा के सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन केवल एक प्रतिभा प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले की छिपी हुई प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें एक सशक्त मंच उपलब्ध कराने का अभियान है। कार्यक्रम के माध्यम से शास्त्रीय नृत्य, हिप-हॉप, क्षेत्रीय संगीत, डिजिटल आर्ट, डिजाइनिंग, एनीमेशन, व्लॉगिंग सहित 40 से अधिक पारंपरिक एवं आधुनिक श्रेणियों में प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किया जाएगा। विशेष बात यह है कि इसमें किसी भी आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:30 बजे होगा। इस दौरान आयोजित होने वाला 'ओपन आर्टिस्ट स्पॉटलाइट' आकर्षण का केंद्र रहेगा, जिसमें शहर के प्रमुख कोरियोग्राफर, संगीतकार, रैपर्स, मॉडल्स और इंडी क्रिएटर्स अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों का मानना है कि यह मंच स्थानीय कलाकारों को व्यापक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह के दौरान टीम डीसीबीए द्वारा 'थंडर ब्लूप्रिंट' का भी अनावरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत सीजन-2 की चयन प्रक्रिया, मूल्यांकन प्रणाली, पारदर्शिता मानकों तथा नई विशेषताओं की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। आयोजकों का दावा है कि यह मॉडल क्षेत्रीय प्रतिभा मंचों के लिए नए मानक स्थापित करेगा। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों, राज्य स्तरीय इन्फ्लुएंसर्स एवं सांस्कृतिक जगत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। ऐसे में मीडिया प्रतिनिधियों को इंटरव्यू, ग्राउंड रिपोर्टिंग और विशेष कवरेज के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे।

## पीएमश्री विद्यालय में अभिरुचि शिविर का निरीक्षण, विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की रचनात्मक प्रतिभा

**झालरापाटन (हुक्मनामा समाचार)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दुर्गपुरा में आयोजित 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर का शनिवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) दिलीप कुमार मित्तल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी सीखने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मित्तल ने स्वयं विद्यार्थियों को पेपर एक्टिविटी का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए रचनात्मक कार्यों के माध्यम से नवाचार एवं सृजनात्मकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिविर प्रभारी संगीता शर्मा ने बताया कि 15 दिवसीय अभिरुचि शिविर के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संगीत गतिविधियों के अंतर्गत प्रशिक्षक हर्षित रावल द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्रों का परिचय एवं उन्हें बजाने का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों के तहत प्रशिक्षिका हेमलता बाई द्वारा विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को विकसित करने हेतु विविध कलात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। खेल गतिविधियों के अंतर्गत प्रशिक्षिका कमलेश बाई द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए शारीरिक दक्षता, टीम भावना एवं अनुशासन का महत्व समझाया गया। निरीक्षण के दौरान मित्तल ने शिविर में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के अभिरुचि शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से ऐसी गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रेरित किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल राहगीर की मौत, शव मोर्चरी में रखवाया

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम दताउ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार वाहन ने पैदल चल रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं वारदात के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा के पायलट अनिल मूंड और ईएमटी राकेश सैनी बिना समय गंवाए तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने लहूलुहान हालत में घायल को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल लाडनूं के राजकीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

**बंधक बनाकर मारपीट कर वीडियो वायरल करने के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार**

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** थाना क्षेत्र के अंसरी गांव में एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट करने तथा उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में मांगलियावास पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित लाल सिंह रावत निवासी अंसरी के साथ गत 19 मई को हुई घटना के संबंध में मामला दर्ज होने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए अंसरी निवासी शिवराज सिंह पुत्र सुखदेव सिंह, रणजीत सिंह पुत्र भोला सिंह, शारदा देवी पत्नी रणजीत सिंह तथा सोना देवी पत्नी सायर सिंह को गिरफ्तार किया।

# नगर निकाय कर्मियों की समस्याओं के समाधान पर मंथन, जयपुर अधिवेशन में मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन का प्रांतीय अधिवेशन शुक्रवार को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित किया गया। अधिवेशन में प्रदेशभर के नगर निकायों से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर विभिन्न प्रशासनिक, सेवा एवं कल्याणकारी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने बताया कि अधिवेशन के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रहे, जबकि स्वायत्त शासन मंत्री जाबर सिंह खर्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं उनके समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अधिवेशन में कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। इनमें मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ सेवा के पदों का पुनरीक्षण कर पदोन्नति प्रक्रिया में तेजी लाने, राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के अंतर्गत असीमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का जिला स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करने तथा मंत्रालयिक कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती कर कार्यभार के दबाव को कम करने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा स्थानीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का वेतन राज्य सरकार के मद से जारी




करने, समर्पित अवकाश एवं सेवानिवृत्ति उपरांत उपार्जित अवकाश के परिलाभों का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए नगर निकाय कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार संवेदनशील है और विभिन्न मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

## न्यूज विंडो

### राजस्व प्रकरणों के त्वरित निस्तारण में झालावाड़ बनेगा प्रदेश का अग्रणी जिला : जिला कलक्टर

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शनिवार को मिनी सचिवालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले के विभिन्न उपखण्डों में राजस्व प्रकरणों के निस्तारण, लंबित मामलों की स्थिति तथा आमजन को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि कुछ बिंदुओं को छोड़कर जिले के अधिकांश उपखण्डों में राजस्व क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुआ है। उन्होंने जिले की राजस्व टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बेहतर परिणाम दिए हैं, लेकिन जहां कहीं भी कमियां हैं, उन्हें दूर करते हुए झालावाड़ को राजस्व कार्यों में प्रदेश में सर्वोच्च स्थान दिलाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में कोई भी पुराना राजस्व प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि परिवादियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण का लाभ मिले। आमजन को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए सभी स्तरों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाना आवश्यक है।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होमियोपैथी, केकड़ी द्वारा जन-जागरूकता शिविर आयोजित



**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होमियोपैथी, केकड़ी द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, केकड़ी में इस वर्ष की थीम 'आकर्षण का पर्दाफाश: निकोटीन एवं तंबाकू की लत का मुकाबला' विषय पर जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता कर लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिविर चिकित्सा प्रभारी डॉ. अंशुल चाहर के व्याख्यान से हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को निकोटीन एवं तंबाकू की लत के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि तंबाकू उद्योग किस प्रकार युवाओं को विभिन्न माध्यमों से आकर्षित कर उन्हें निकोटीन की लत की ओर धकेलता है। उन्होंने निकोटीन के दुष्प्रभावों तथा किशोर एवं युवा वर्ग के इसके प्रति बढ़ते आकर्षण पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात होमियोपैथिक फार्मेसी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रकाश ने अपने व्याख्यान में तंबाकू के सेवन से शरीर एवं मस्तिष्क पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तंबाकू का सेवन अनेक गंभीर रोगों, विशेषकर कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी बीमारियों का प्रमुख कारण बन सकता है। कार्यक्रम के अगले चरण में आवासीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमानी चौधरी ने 'तंबाकू उपयोग से बचाव एवं नशा छोड़ने में युवाओं की भूमिका' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा-मुक्त जीवन अपनाने तथा समाज में तंबाकू निषेध के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

### जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की अनूठी पहल वंदे गंगा अभियान के तहत पेयजल समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान शुरू, कई शिकायतें दुरुस्त

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** आमजन को भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा विशेष मुहिम शुरू की गई है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन भागीदारी अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशानुसार बारां जिले में 30 जून तक हर शनिवार को यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत हैंडपंप व नलकूप मरम्मत, पाइपलाइन लीकेज ठीक करने, अवैध कनेक्शन काटने, कम दबाव और प्रदूषित पानी की शिकायतों का मौके पर निपटारा किया जा रहा है। 12 टीमों का गठन, 12 वाहनों से त्वरित कार्रवाई अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले में 12 विशेष टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम की कमान सहायक अभियंता या कनिष्ठ अभियंता को सौंपी गई है। त्वरित आवाजाही के लिए 12 विशेष वाहन भी उपलब्ध कराए गए हैं। तीसरे शनिवार 30 मई को बड़ी कार्रवाई 30 मई को 12 टीमों ने जिले के 60 स्थानों पर कार्रवाई की। 24 खराब हैंडपंप दुरुस्त कर चालू किए गए। 4 प्रमुख स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज ठीक किए गए। 9 क्षेत्रों में कम दबाव की शिकायत दूर कर आपूर्ति सामान्य की गई। 3 क्षेत्रों में तकनीकी कमियां सुधार कर पानी की सप्लाई शुरू की गई। 2 स्थानों पर कम पेयजल आपूर्ति और 5 जगह कम समय आपूर्ति की शिकायत दुरुस्त की गई। दूषित पानी की शिकायत पर 2 जगह प्रदूषण की समस्या का निवारण किया गया। पानी की चोरी रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के सहयोग से 11 अवैध जल कनेक्शन मौके पर काटे गए।

### वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान आज जिलेभर में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।**वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत 31 मई 2026, रविवार पूर्णिमा को स्वायत्त शासन विभाग, पंचायती राज विभाग, खेल विभाग, नेहरू युवा केंद्र, पुलिस विभाग, सेना, अर्धसैनिक बल एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। **जन जागरूकता प्रभात फेरी व साइकिल रैली** पंचायती राज विभाग, खेल विभाग व नेहरू युवा केंद्र द्वारा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से प्रभात फेरी वंदे गंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में भी नेहरू युवा केंद्र व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रभात फेरी व रैली होगी। जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व दीप प्रज्वलनरू स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई करवाई जाएगी और जल स्त्रोतों पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा। **अमृत 2.0 व शहरी रोजगार योजना** अमृत 2.0 अंतर्गत राजीविका की महिलाओं द्वारा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई व रखरखाव किया जाएगा। अमृत 2.0 योजना के स्वीकृत कार्यों का लोकार्पण व अवलोकन भी होगा। शहरी रोजगार योजना के तहत साफ-सफाई कार्यक्रम आयोजित होंगे। **स्वच्छता व पर्यावरण** महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की जाएगी। छव च्प्सेंजपब क्ंल के तहत प्लास्टिक कचरे का चिन्हित स्थल पर निस्तारण किया जाएगा।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com



जयपुर • जोधपुर • अजमेर
से प्रकाशित
राज्य स्तरीय
हुक्मनामा समाचार
से जुड़ने के लिए
आज ही संपर्क करें
PRESS
हुक्मनामा समाचार
REPORTER
PRESS
हुक्मनामा समाचार
0141:2220403
8824399949
9828011251
Website: www.hukminamasamachar.com
हुक्मनामा
नागौर
डीडवाना-कुचामन
नागौर और डीडवाना-कुचामन
जिले के आसपास के इलाके से
जुड़ने के लिए
आज ही संपर्क करें
आपकी खबर
हमारी
पहचान
सटीक खबरें
हर पल की अपडेट
आपका साथ हमारा विश्वास
जन-जन की आवाज
आइए... हुक्मनामा समाचार परिवार का हिस्सा बनें और समाज की आवाज को और बुलंद करें !

# शहीद भगत सिंह मार्ग पर प्राकृतिक जल स्त्रोत बावडी का ठेकेदार से करवाया तकमीना निरीक्षण

## जिलाधीश लोकबंधु ने उनके कक्ष में व्यक्तिगत रूप से नगर निगम एसई को शीध्र कार्यवाही के निर्देश



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** हरि ओम कॉलोनी विकास समिति( रजि.) चन्द्रवरदाई नगर अजमेर, श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ, सियाराम विकास समिति अजमेर, चन्द्रवरदाई नगर व्यापारिक ऐसोसिएशन, जनसेवा समिति की सर्वधर्म समिति अजमेर, अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट, अजयमेरू सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों ने श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी और महासंघ के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में भयंकर गर्मी को देखते हुए समस्त प्राकृतिक जल स्त्रोतो कुऐं एवं बावडियो की सफाई के पश्चात उनके पानी की सैमपलिंग करवाने की पश्चात आम नागरिको और पशुओ के पीने के लिए प्रयोग करने की कार्यवाही किये जाने की राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी, सम्भागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड, जिलाधीश लोक बंधु एवं प्रशासन के अन्य सम्बंधितो से मांग की थी। संयोजक रमेश लालवानी और सरदार भजन सिंह के नेतृत्व में पिछले दिनो बुधवार को जिलाधीश लोक बंधु से व्यक्तिगत समस्त प्राकृतिक जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं उचित देखरेख करवाये जाने की मांग की गई। संयोजक रमेश लालवानी ने बताया कि शहीद भगत सिंह मार्ग वार्ड 31 की बाबा रामदेव मन्दिर के पास की बावडी का जिलाधीश लोक बंधु के द्वारा नगर निगम के एसई मनोहर सोनगरा अधिकारी को व्यक्ति्गत निर्देश प्रदान किये जाने के पश्चात नगर निगम के ठेकेदार गोलू द्वारा बावडी का निरीक्षण करके तकमीना बनाकर नगर निगम के सम्बंधित अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया गया है। हरि ओम कॉलोनी विकास समिति के सुरेश गुर्जर को सहयोग करने का संयोजक बनाया गया है। श्रीमती पुष्पा शेखावत, आर एस चितौडिया, राकेश सेन, महावीर सेन, इन्द्राज कुमार कसाना, संजय लालवानी, सुधन वर्मा, सुरेश सोनी, श्रीमती ज्योति सोनी, राजेश विजय वर्गीय, नरेश मंगलानी और अन्य ने बताया कि ब्यावर रोड एच एम टी के पास वाले शहीद भगत सिंह मार्ग बाबा रामदेव के प्राचीन मन्दिर के पास बनी बावडी को हरि ओम कॉलोनी विकास समिति एवं क्षेत्र के नागरिको के मवेशियो हेतु सिन्टेक्स की टंकी रखवाकर पानी के प्रयोग किये जाने की कार्यवाही की जानी चाहिये। जिलाधीश लोक बंधु से मांग की है कि बावडियों, कुओं के उपर सिन्टेक्स की टंकिया रखवाकर बावडी के पानी को मवेशियो-पशुओ और आम नागरिको के काम में आने के लिए मोटर लगवाकर पानी की आपूर्ति करवाने की शीध्र प्रभाव से प्रबंध किये जाने चाहिये। जिलाधीश लोक बंधु द्वारा वंदे गंगा कार्यक्रम में प्राकृतिक जल स्त्रोतो की साफ सफाई का कार्य प्रारम्भ करवाने पर महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने आभार भी व्यक्त किया है।

## महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति रहना होगा सजग : डॉ रुचिका

**अजमेर।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महिला संगठन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता चौधरी द्वारा 13 महीने-13 संकल्प कार्यक्रम करने का निश्चय किया गया। संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अजमेर प्रदेश का गूगल मीट पर सेशन की शुरुआत हुई। संपूर्ण महिला स्वास्थ्य के लिए समर्पित इस सेशन में विशेषज्ञ के रूप में अजमेर की डॉ. रुचिका शगुन विजयवर्गीय , वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, सोनल रविंदर विजयवर्गीय, पोषण एवं आहार विशेषज्ञ, मिथलेश सत्यनारायण विजयवर्गीय प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ ने महिलाओं को सामान्य दिनचर्या में स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने वाले टिप्स दिए। जिसमें मासिक धर्म संबंधी समस्या, हार्मोनल संतुलन, उचित आहार, योग-प्राणायाम द्वारा किस तरह स्वास्थ्य लाभ लिया जा सकता है। इसकी सरल भाषा में जानकारी दी गई। डॉ रुचिका विजयवर्गीय ने कहा कि महिलाओं को परिवारिक, सामाजिक, जीविकोपार्जन दायित्वों को निभाते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा।

## मानसून से पूर्व लटकते तारों व झुके खंभों को दुरुस्त करने की मांग



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर शहर व्यापार महासंघ के प्रवक्ता सीए विकास अग्रवाल एवं प्रवक्ता कमल गंगवाल ने आनंद नगर सहित अजमेर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली के खंभों पर लटकते एवं अव्यवस्थित तारों तथा आंधी-अंधड़ के कारण झुक गए खंभों को लेकर चिंता व्यक्त की है। गंगवाल व अग्रवाल ने बताया कि मानसून निकट है, ऐसे में अजमेर विद्युत वितरण निगम/टाटा पावर अजमेर, बीएसएनएल, जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया तथा अन्य इंटरनेट एवं केबल सेवा प्रदाता कंपनियों के झूलते तार एवं क्षतिग्रस्त खंभे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। महासंघ अध्यक्ष किशन गुप्ता ने जिला प्रशासन, नगर निगम, एवीवीएनएल एवं सभी दूरसंचार व केबल कंपनियों से संयुक्त अभियान चलाकर शहरभर में लटकते एवं अनुपयोगी तारों को हटाने, तारों को व्यवस्थित करने तथा झुके हुए खंभों को वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि जनहानि एवं दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## श्रमदान से टूटती हैं भेदभाव की दीवारें बढ़ती है श्रम की प्रतिष्ठाः टीकाराम जूली नेता प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** पुष्कर में आयोजित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रमों की निरंतरता में शनिवार को एक बड़ा संगठनात्मक और सामाजिक संदेश दिया गया। नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान व दिल्ली के कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने शनिवार को पुष्कर में आयोजित संगठन प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रमों की कड़ी में नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फारकिया पहुँचकर नरेगा श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया। इस अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबन, सर्वोदय और जनसरोकारों के पावन विचारों को आत्मसात करते हुए कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने अपनी सामाजिक और राजनैतिक प्रतिबद्धता को दोहराया। श्रमदान के इस पुनीत कार्य के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री जूली ने नरेगा श्रमिकों के साथ श्रमदान कर उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना द्य श्री जूली ने कहा है कि कांग्रेस सदैव ही समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रही है। श्री जूली ने कहा है कि ' महात्मा गांधी के सर्वोदय का मूल मंत्र यही है कि जब तक हम पसीना बहाने वाले आम इंसान के सुख-दुख के भागीदार नहीं बनेंगे, तब तक समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है। श्रमदान जनसरोकारों से जुड़ने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को यह भरोसा दिलाने का संकल्प है कि कांग्रेस उनके हक के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है। ' उन्होंने सत्ता पक्ष को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट किया कि आज जब प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण रोजगार की नींव मनरेगा को कमजोर करने के भाजपा द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, तब कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही धरातल पर उतरकर जनता के हक की लड़ाई लड़ने और महात्मा गांधी के सर्वोदय के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरी दृढ़ता से खड़ा है। श्री जूली ने कहा कि इस सामूहिक श्रमदान ने न केवल संगठन की एकजुटता और सांगठनिक संकल्प को प्रदर्शित किया है, बल्कि यह संदेश भी साफ कर दिया है कि जनहित के मुद्दों और स्वावलंबन की इस वैचारिक यात्रा को किसी भी सूरत में रुकने नहीं दिया जाएगा।

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर बौद्ध मठठ गौतम नगर में आज वैचारिक गोष्ठी का आयोजन होगा



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर बौद्व मठठ गौतम नगर में आज रविवार 31 मई को वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा ।बौद्व मठठ की सचिव श्रीमती सोनी गुणवनत राहुल के जानकारी प्रदान करते हुए बताया है कि वैचारिक गोष्ठी की अध्यक्षता सम्यक दृष्टि के समपादक गुणवन्त राहुल करेंगे और मुख्य वक्ता के रूप में श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ और जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी होंगे। सोनी राहुल ने बताया कि वैचारिक गोष्ठी का विषय वर्तमान समय में लोकतंत्र में हिन्दी पत्रकारिता का महत्व होगा। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रतिनिधियों के द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना होगी और महात्मा बुद्व की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ होगा। इस अवसर पर गुरू एस एन गोयनका के प्रवचन और जल,थल,नभ और दसो दिशाओ के प्रणियो के मंगल की प्रार्थना की जायेगी।

## अशोक गर्ग अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**अजमेर।** अग्रवाल समाज की राष्ट्रीय संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल व राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल ने सवाई माधोपुर निवासी अशोक गर्ग को उनकी संगठन के प्रति आस्था, सक्रियता एवं व्यापक अनुभव को देखते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारीलाल मंगल, प्रदेश मीडिया प्रभारी पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल, अजमेर जिलाध्यक्ष डॉ विष्णु चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण अग्रवाल, प्रदीप बंसल व रमेशचंद मित्तल, जिला महामंत्री अनिल कुमार बाड़मेरी, महिला शाखा जिलाध्यक्ष श्रीमती रेणु मित्तल, युवा शाखा जिलाध्यक्ष दीपक ऐरन सहित अनेक पदाधिकारियों व सदस्यों ने राष्ट्रीय नैतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक गर्ग को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## केंद्रीय कारागृह में गूंजी भाईचारे की मिसाल

### सर्वधर्म ईद मिलन समारोह में बंदियों को बांटे फल, शरबत मुस्लिम एकता मंच की पहल

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** ईद उल-अजहा के पावन अवसर पर अजमेर के केंद्रीय कारागृह में मुस्लिम एकता मंच द्वारा सर्वधर्म ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और सर्वधर्म समभाव का संदेश देना रहा। इस अवसर पर कारागृह में निरुद्ध सभी बंदियों को फलऔर शरबत वितरित किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इदारा दावत-उल-हक संस्था के प्रमुख मौलाना मोहम्मद अय्यूब कासमी ने कहा कि ईद उल-अजहा केवल कुर्बानी का पर्व नहीं, बल्कि त्याग, समर्पण और इंसानियत का संदेश देने वाला महान त्योहार है। उन्होंने हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम और उनके पुत्र हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का उल्लेख करते हुए कहा कि मालिक की रज़ा के लिए दिया गया उनका त्याग आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। मौलाना कासमी ने कहा कि दुनिया में शांति, एकता और भाईचारे को मजबूत करने में ऐसे पर्वों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि इंसान से गलतियां हो सकती हैं, लेकिन सच्चे दिल से तौबा और आत्ममंथन के माध्यम से जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। उन्होंने मां के महत्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि मां का दर्जा सबसे बुलंद है। जो व्यक्ति अपनी मां को खुश रखता है, उसे जीवन में सम्मान और सफलता दोनों प्राप्त होते हैं। उन्होंने बंदियों से आह्वान किया कि वे अपनी माताओं की दुआओं और उनके सम्मान को जीवन का आधार बनाएं तथा अपने गुनाहों की माफी मांगकर एक बेहतर इंसान बनने का संकल्प लें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी तथा सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह ने यह संदेश दिया कि प्रेम, करुणा और मानवता ही समाज को जोड़ने वाली सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नवाब हिदायत उल्ला, जेलर सद्दाम, डिप्टी जेलर सचिन कसाना, सुमेर सिंह, सत्यपाल कसाना, गुल शेर, शाहबुद्दीन, अल्ताफ, रमजान शेरानी, महबूब, शफीक अहमद नवाब, इमरान खान, सैयद मसूद मोईनी, अब्दुल नईम खान, सलमान खान, शफीक खान, रिजवान हुसैन लजवान तथा फखरे आलम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सुभाष नगर विश्वकर्मा मन्दिर में पंच कुण्डीय गायत्री हवन यज्ञ में श्रद्वापूर्वक सामग्री की आहूति प्रदान की

### सर्वधर्म समिति के सरदार भजन सिंह के नेतृत्व में शर्बत की सेवा 03 तक जारी रहेगी



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** सुभाष नगर विश्वकर्मा मन्दिर में पंच कुण्डीय गायत्री हवन यज्ञ में श्रद्वापूर्वक सामग्री की आहूति प्रदान की गई और श्रद्वालुओ ने पीले वस्त्र धारण करके अपनी अपनी आस्था व्यक्त की। सरदार भजन सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से श्री व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी को बताया कि विश्व कर्मा मन्दिर में भव्य पंचकुण्डीय गायत्री यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया।

मन्दिर प्रमुख कार्तिक शर्मा और सरदार भजन सिंह ने बताया कि दोपहर में भजन संध्या का आयोजन किया यगा और तत्पश्चात गायत्री हवन एवं यज्ञ प्रारम्भ किया गया। समस्त श्रद्वालुओ और हवन में बैठने वालो से पीले वस्त्र धारण करके आने की अपील की गई थी ।सरदार भजन सिंह ने बताया कि सम्पूर्ण वातावरण गायत्री मत्रो से गुजांयमान हो गया। जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति के और विश्वकर्मा मन्दिर सुभाष नगर नारी शाला रोड के सेवादारी सरदार भजन सिंह के नेतृत्व में गर्मी के मौसम को देखते हुए में प्रतिदिन ठण्डे पानी के कैम्परो से और शर्बत से सेवाऐं प्रदान की जा रही है। सुभाष नगर अण्डर पास के कोने पर गंगा दशमी 25 मई से 03 जून तक पीने के ठण्डे पानी के कैम्परों से और शरबत से आवागमन करने वालो नागरिको को पीने के पानी व शरबत की सेवा निरन्तर प्रदान की जा रही है। मन्दिर के प्रमुख सेवादारी कार्तिक शर्मा और सरदार भजन सिंह ने बताया कि सुशांक शर्मा, मोहित शर्मा, सरदार भजन सिंह, रमेश लालवानी, श्याम लाल सोनी एवं अन्य के द्वारा सेवाऐ प्रदान की जा रही है।

## महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति रहना होगा सजग : डॉ रुचिका

**अजमेर।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महिला संगठन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता चौधरी ने 13 महीने-13 संकल्प कार्यक्रम करने का निश्चय किया गया। संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम अजमेर प्रदेश का सेशन की शुरुआत हुई। संपूर्ण महिला स्वास्थ्य के लिए समर्पित इस सेशन में विशेषज्ञ के रूप में डॉ. रुचिका शगुन विजयवर्गीय, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, सोनल रविंदर विजयवर्गीय, पोषण एवं आहार विशेषज्ञ, मिथलेश सत्यनारायण विजयवर्गीय प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ ने महिलाओं को सामान्य दिनचर्या में स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखने वाले टिप्स दिए । जिसमें मासिक धर्म संबंधी समस्या, हार्मोनल संतुलन, उचित आहार, योग-प्राणायाम द्वारा किस तरह स्वास्थ्य लाभ लिया जा सकता है।

## जेएलएन अस्पताल ने रचा इतिहास, पित्त की पथरी के 15 मरीजों का एक ही दिन में लेप्रोस्कोपिक से हुए ऑपरेशन



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** अजमेर संभाग के सबसे बड़े जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में एक ही दिन में 15 मरीजों के लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी (दूरबीन से पित्त की थैली का ऑपरेशन) कर इतिहास रच दिया है. इस कीर्तिमान को विश्व रिकॉर्ड के रूप में देखा जा रहा है. सभी 15 मरीजों के ऑपरेशन सफल रहे हैं और सभी मरीज स्वस्थ हैं. अस्पताल में एक ही दिन में 15 मरीजों का ऑपरेशन करने का कीर्तिमान डॉ. शिवकुमार बुनकर ने बनाया है. जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया ने दावा किया कि 15 मरीजों का एक ही दिन में डॉ. शिवकुमार बुनकर ने लेप्रोस्कोपिक कोलेसिस्टेक्टोमी (दूरबीन से पित्त की थैली का ऑपरेशन) किया गया है जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है. 15 मरीजों में 3 मेल और शेष फीमेल हैं. सभी का ऑपरेशन सुबह से लेकर शाम तक एक ही दिन में किया गया. 15 मरीज पूरी तरह से स्वस्थ हैं. डॉ. सामरिया बताते हैं कि 2 वर्ष पहले भी डॉ. शिवकुमार बुनकर ने 10 मरीजों का एक ही दिन लेप्रोस्कोपी की थी. अब डॉ. बुनकर ने साल बाद अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है।

## जल स्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता हम सभी की साझा जिम्मेदारी-ओमप्रकाश भडाणा



**बूंदी,( हुक्मनामा समाचार )।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने शनिवार को लेसरदा गांव का दौरा किया। यहां उन्होंने 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत गांव की प्राचीन बावड़ी में श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने झाड़ू लगाकर बावड़ी की सफाई की। उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बोर्ड अध्यक्ष भडाणा ने कहा कि प्राचीन जल स्रोतों को सहेजना और गांव में साफ-सफाई रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जो भी साधन और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, उनका उचित रखरखाव आमजन को करना चाहिए। सरकार की मंशा है कि 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' से अधिक से अधिक लोग जुड़ें। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने और पर्यावरण का विशेष ध्यान रखने की अपील की। गंदे पानी की निकासी के दिए निर्देश, किया पीपल पूजन श्रमदान के दौरान उन्होंने बावड़ी में जमा गंदे पानी को निकालकर उसे और अधिक स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, नरेगा श्रमिकों और ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान से गांव की तलाई की सफाई करने की बात भी कही। इसके पश्चात भडाणा ने बावड़ी परिसर में ही विधि-विधान से पीपल पूजन किया। देवनारायण गौशाला का किया निरीक्षण इससे पूर्व देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ने लेसरदा स्थित देवनारायण गौशाला का भी अवलोकन किया। उन्होंने गौमाता का पूजन कर उन्हें अपने हाथों से गुड़ खिलाया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में रखे जा रहे गोवंश के रखरखाव और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, ऑयल इंडिया के निदेशक मोतीलाल, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र मीणा, विनोद नामा, योगेंद्र श्रृंगी, ललित नामा, तहसीलदार रवि शर्मा, विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह हाडा और ग्राम सेवक हेमराज वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## सेवा कार्य कर मनाई नेमीचंद जैन की पुण्यतिथि

**बूंदी।** स्वर्गीय नेमीचंद जैन की चतुर्थ पुण्यतिथि पर परिवार के सदस्यों व मित्रगण द्वारा विभिन्न सेवाकार्य किए गए। जैन की पुण्यतिथि पर राजकीय अस्पताल में फल वितरण, वृद्धाआश्रम में फल फ्रूट, भोजन व आवश्यक सामग्री का वितरण, मात्रा हनुमानजी मंदिर में साफ सफाई को देखते हुए डस्टबिन रखे गए। इस दौरान महावीर प्रसाद जैन, निर्मल पारस जैन, अजीत जैन, मनीष जैन, फौजी शर्मा, तुषार शर्मा, अभिषेक शर्मा, हिमांशु शर्मा, कुंजबिहारी पोकरा, अजय चितोडा, विपुल जैन, देवांश जैन, बसुवाल, मुकेश मेघवाल, जितेंद्र मेघवाल, अंकुश जैन, रजत जैन, शुभम शर्मा, ललित नामा, नागेश श्रृंगी, आर्जव जैन, शुभम तिवारी सहित मित्र गण उपस्थित रहे।

## श्रमदान से टूटती हैं भेदभाव की दीवारें, बढ़ती है श्रम की प्रतिष्ठा : टीकाराम



**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** पुष्कर में आयोजित कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रमों की निरंतरता में शनिवार को एक बड़ा संगठनात्मक और सामाजिक संदेश दिया गया। नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविंद सिंह डोटासरा एवं राजस्थान व दिल्ली के कांग्रेस जिलाध्यक्षों ने शनिवार को पुष्कर में आयोजित संगठन प्रशिक्षण शिविर के कार्यक्रमों की कड़ी में नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम फारकिया पहुँचकर नरेगा श्रमिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर श्रमदान किया। इस अभियान के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वावलंबन, सर्वोदय और जनसरोकारों के पावन विचारों को आत्मसात करते हुए कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने अपनी सामाजिक और राजनैतिक प्रतिबद्धता को दोहराया। श्रमदान के इस पुनीत कार्य के दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री जूली ने नरेगा श्रमिकों के साथ श्रमदान कर उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना श्री जूली ने कहा है कि कांग्रेस सदैव ही समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के उत्थान और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रही है। श्री जूली ने कहा है कि ' महात्मा गांधी के सर्वोदय का मूल मंत्र यही है कि जब तक हम पसीना बहाने वाले आम इंसान के सुख-दुख के भागीदार नहीं बनेंगे, तब तक समाज का वास्तविक विकास संभव नहीं है। श्रमदान जनसरोकारों से जुड़ने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को यह भरोसा दिलाने का संकल्प है कि कांग्रेस उनके हक के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है। ' उन्होंने सत्ता पक्ष को आड़े हाथों लेते हुए स्पष्ट किया कि आज जब प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण रोजगार की नींव मनरेगा को कमजोर करने के भाजपा द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, तब कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही धरातल पर उतरकर जनता के हक की लड़ाई लड़ने और महात्मा गांधी के सर्वोदय के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरी दृढ़ता से खड़ा है। श्री जूली ने कहा कि इस सामूहिक श्रमदान ने न केवल संगठन की एकजुटता और सांगठनिक संकल्प को प्रदर्शित किया है, बल्कि यह संदेश भी साफ कर दिया है कि जनहित के मुद्दों और स्वावलंबन की इस वैचारिक यात्रा को किसी भी सूरत में रुकने नहीं दिया जाएगा।

Website...........
www.hukmnamasamachar.com

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, रविवार 31 मई, 2026



## सम्पादकीय...

### मौत का कारोबार कब रुकेगा?



महाराष्ट्र के पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई 15 लोगों की मौत ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया है। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि भारत में बार-बार सामने आने वाली उस भयावह समस्या का नया अध्याय है जिसमें सस्ती और अवैध शराब गरीब तथा निम्न आय वर्ग के लोगों की जान ले लेती है। जहरीली शराब का खतरा नया नहीं है। भारत के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। अवैध शराब बनाने वाले लोग अधिक मुनाफे के लालच में मिथाइल अल्कोहल जैसे जहरीले रसायनों का उपयोग करते हैं।

यह पदार्थ मानव शरीर के लिए अत्यंत घातक होता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी जा सकती है, गुर्दे और यकृत प्रभावित हो सकते हैं तथा कुछ ही घंटों में व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। इसके बावजूद अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है सस्ती शराब की मांग, प्रशासनिक निगरानी की कमी और अपराधियों का संगठित नेटवर्क। गरीब और मेहनतकश वर्ग अक्सर कम कीमत के कारण ऐसी शराब की ओर आकर्षित हो जाते हैं। यही वर्ग सबसे अधिक नुकसान भी उठाता है। परिवार का कमाने वाला सदस्य जब इस तरह की दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके पीछे पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता आर्थिक और सामाजिक संकट में फंस जाते हैं। यदि देश में जहरीली शराब से होने वाली मौतों का इतिहास देखा जाए तो सबसे अधिक चर्चा बिहार की होती है। बिहार में वर्ष 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराबबंदी का उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त करना था, लेकिन इसके बाद अवैध शराब के कारोबार और जहरीली शराब से होने वाली मौतों की कई बड़ी घटनाएं सामने आईं। वर्ष 2022 बिहार के लिए सबसे भयावह साबित हुआ। मार्च 2022 में भागलपुर जिले में जहरीली शराब से 40 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। इसी वर्ष दिसंबर में सारण जिले में हुई त्रासदी ने पूरे देश को हिला दिया, जहां 70 से अधिक लोगों की जान चली गई। वर्ष 2023 में भी मोतिहारी और सीवान सहित कई क्षेत्रों में जहरीली शराब से अनेक लोगों की मौत दर्ज की गई।

वैभव लोढ़ा...

## इतिहास में आज

1725: भारत की महान वीरांगना और मालवा साम्राज्य की शासक अहिल्याबाई होल्कर का जन्म हुआ।
1774: भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।
1921: भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।
1977: भारतीय सेना के एक दल ने पहली बार विश्व के तीसरे सबसे ऊंचे पर्वत शिखर कंचनजंगा पर चढ़ाई की।

-धर्म चंद मेहता

## क्रॉस फायर

❑ महाराष्ट्र में जहरीली शराब पीने से 17 लोगों की मौत।
◆ महाराष्ट्र में सरकार किसकी है इसलिए ज्यादा मत बोलो।

❑ आतंकी साजिश पर एन आई ए एक्शन में, चार राज्यों के 12 ठिकानों पर छापेमारी।
◆ फिर भी आतंकवादी कर गुजरते हैं।

❑ कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से चुनाव आयोग को रजिस्ट्रेशन का कागज दिया गया।
◆ हवाई पार्टी हवाई बातें।

❑ दिन भर की तपीश के बाद देश के कई है समय जमकर बरसे में मेघ।
◆ आम आदमी को राहत मिली।

❑ राहुल गांधी ने दिल्ली में ऑटो ड्राइवर के साथ खाना खाया यूनिफॉर्म पहनी और जमीन पर बैठे।
◆ क्या चाहते हैं मोदी भी ऐसा करें।

❑ अमेरिका में 250 के डालर पर ट्रंप की तस्वीर छापने की कवायत।
◆ लगता है डॉलर के दिन खराब आने वाले हैं।

❑ भाजपा सरकार द्वारा ढाई साल में भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई 103 सस्पेंड,6 बर्खास्त।
◆ फिल्मी भ्रष्टाचार रॉकेट की तरह बढ़ रहा है।

❑ सुप्रीम कोर्ट ने कहा यूपीएससी में पेपर लीक नहीं एन टी ए उससे सीखे।
◆ कहां राजा भोज कहां गंगू तेली।

.............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

### रविवार 31 मई, 2026

**मेष राशि:** आज आपको आराम करने और क़रीबी दोस्तों व परिवार के साथ ख़ुशी के कुछ पल बिताने की ज़रूरत है। आज आप आसानी से पैसे इकट्ठा कर सकते हैं- लोगों को दिए पुराने कर्ज़ वापिस मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि:** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी ख़राबियों से बचाएगा।

**मिथुन राशि:** मुस्कुराएँ, क्योंकि यह सभी समस्याओं का सबसे उम्दा इलाज है। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं।

**कर्क राशि:** धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता ज़रूर दिलाएंगे। ख़र्चों में इज़ाफ़ा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी।

**सिंह राशि:** दोस्त आपका परिचय किसी ख़ास इंसान से कराएंगे, जो सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। आज मुलाकात किसी शख़्स से हो सकती है जो आर्थिक पक्ष को मजबूत करने के लिए अहम सलाह दे सकता है।

**कन्या राशि:** किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे।

**तुला राशि:** आज आप ख़ुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। आपका कोई दोस्त आपसे आज बड़ी रकम उधार मांग सकता है, अगर आप उनको यह रकम देते हैं तो आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशि:** अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको धन लाभ तो हो सकता है। लेकिन आपको कड़ी मेहनत करनी होगी।

**धनु राशि:** आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इज़ाफ़ा करेगा।

**मकर राशि:** जैसे ही आप हालात पर पकड़ बनाने की कोशिश शुरू करेंगे, आपकी घबराहट ग़ायब हो जाएगी। जल्दी ही आप पाएंगे कि यह परेशानी साबुन के उस बुलबुले की तरह है, जो छूते ही फूट जाता है।

**कुम्भ राशि:** कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। अपने लिए पैसा बचाने का आपका ख्याल आज पूरा हो सकता है। आज आप उचित बचत कर पाने में सक्षम होंगे।

**मीन राशि:** पेचीदा हालात में फँसने पर घबराएँ नहीं। जैसे खाने में थोड़ा-सा तीखापन उसे और भी लज़ीज़ बना देता है, उसी तरह ऐसी परिस्थितियाँ आपको ख़ुशियों की सही क़ीमत बताती हैं।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076


**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

## अहिल्याबाई होल्कर के आज 301वीं जयंती पर विशेष

# अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति की अमरज्योति



ललित गर्ग




**भारतीय इतिहास के विशाल आकाश में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हैं, जो केवल अपने समय के शासक नहीं होते, बल्कि युग की चेतना बन जाते हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ऐसा ही एक दिव्य व्यक्तित्व हैं। वे केवल मालवा की रानी नहीं थीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सुशासन, न्याय और लोककल्याण की जीवित प्रतिमूर्ति थीं। 31 मई 2026 को उनकी 301वीं जयंती मनाई जा रही है। यह अवसर केवल एक महान शासिका को स्मरण करने का नहीं, बल्कि उस दिव्यदृष्टि और जीवन-दर्शन को पुनः समझने का है, जिसकी आज के भारत को अत्यंत आवश्यकता है। 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्या एक सामान्य परिवार से थीं।**

उनके पिता मनकोजी शिंदे ग्राम प्रधान थे। उस समय जब स्त्री-शिक्षा का प्रचलन लगभग नहीं था, तब उन्होंने अपनी पुत्री को शिक्षा, संस्कार और आत्मविश्वास दिया। यही शिक्षा आगे चलकर उन्हें भारतीय इतिहास की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में स्थापित करने वाली बनी। मालवा के शासक मल्हार राव होलकर ने बालिका अहिल्या में अद्भुत प्रतिभा देखी और उनका विवाह अपने पुत्र खंडेराव होल्कर से करवा दिया। किंतु विवाह के कुछ वर्षों बाद ही युद्ध में पति की मृत्यु हो गई। उस युग की परंपराओं के अनुसार अहिल्याबाई सती होना चाहती थीं, लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें रोकते हुए कहा कि राज्य और प्रजा को उनकी आवश्यकता है। यही वह क्षण था, जहां से एक साधारण स्त्री का असाधारण नेतृत्व आरंभ हुआ। अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों की अग्निपरीक्षा रहा। पति की मृत्यु, पुत्र मालेराव का निधन और बाद में ससुर मल्हार राव का बिछोह-इन सब आघातों के बाद भी उन्होंने स्वयं को टूटने नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत पीड़ा को जनसेवा की शक्ति में बदल दिया। यही कारण है कि उनका शासन केवल राजसत्ता नहीं, बल्कि करुणा और उत्तरदायित्व का आदर्श बन गया। 1767 में जब वे मालवा की गद्दी पर बैठीं, तब राजनीतिक अस्थिरता, षड्यंत्र और बाहरी आक्रमणों का दौर था। किंतु उन्होंने अद्भुत धैर्य, विवेक और साहस के साथ शासन संभाला। उनका प्रशासन इस बात का उदाहरण था कि सुशासन केवल शक्ति से नहीं, बल्कि संवेदना, न्याय और नैतिकता से संचालित होता है। उन्होंने कर व्यवस्था को सरल बनाया, किसानों पर लगान कम किया और व्यापार को संरक्षण दिया। उनके शासन में मालवा समृद्धि, शांति और सांस्कृतिक विकास का केंद्र बन गया। आज जब राजनीति अक्सर सत्ता-संघर्ष और स्वार्थ का पर्याय बनती जा रही है, तब अहिल्याबाई का जीवन यह संदेश देता है कि शासन का वास्तविक उद्देश्य जनता का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने कभी राजसत्ता को अहंकार का माध्यम नहीं बनने दिया। वे प्रतिदिन खुले दरबार में प्रजा की समस्याएं सुनती थीं। उनके न्याय में न पक्षपात था और न विलंब। यही कारण था कि जनता उन्हें 'लोकमाता' कहकर सम्मान देती थी। अहिल्याबाई का सबसे बड़ा योगदान भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण में दिखाई देता है। मुगल आक्रमणों और राजनीतिक उथल-पुथल के कारण देश के अनेक मंदिर और तीर्थस्थल नष्ट हो चुके थे। उन्होंने केवल मंदिरों का पुनर्निर्माण नहीं करवाया, बल्कि भारतीय आत्मा को पुनः प्रतिष्ठित किया। काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और उज्जैन सहित अनेक तीर्थों में उन्होंने घाट, मंदिर, कुएं और धर्मशालाएं बनवाईं। यह कार्य किसी संकीर्ण धार्मिक आग्रह से प्रेरित नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक अस्मिता को बचाने का राष्ट्रीय प्रयास था। उनकी दृष्टि केवल धर्म तक सीमित नहीं थी। वे समाज-सुधार की भी प्रबल पक्षधर थीं। उन्होंने विधवाओं को संपत्ति का अधिकार दिया, सती प्रथा और सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया तथा महिलाओं को सम्मानजनक स्थान दिलाने का प्रयास किया। यह उस समय की दृष्टि से अत्यंत क्रांतिकारी सोच थी। उन्होंने महिलाओं की एक विशेष सैन्य टुकड़ी भी गठित की। यह इस बात का प्रमाण है कि वे नारी को केवल करुणा की प्रतिमा नहीं, बल्कि शक्ति और नेतृत्व की प्रतीक मानती थीं। महेश्वर को राजधानी बनाकर उन्होंने उसे संस्कृति, कला और उद्योग का केंद्र बनाया। महेश्वरी साड़ियों की परंपरा आज भी उनके दूरदर्शी आर्थिक चिंतन की साक्षी है। उन्होंने स्थानीय उद्योगों को संरक्षण देकर आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत किया। वर्तमान समय में जब 'लोकल फॉर वोकल' और आत्मनिर्भर भारत की चर्चा हो रही है, तब अहिल्याबाई का मॉडल और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है। अहिल्याबाई का व्यक्तित्व आध्यात्मिकता और व्यवहारिकता का अद्भुत समन्वय था। वे धर्मनिष्ठ थीं, किंतु कट्टर नहीं। वे परोपकारी थीं, किंतु दिखावे से दूर। वे शक्तिशाली शासक थीं, किंतु विनम्रता उनकी सबसे बड़ी पहचान थी। उनका जीवन यह सिद्ध करता है कि सत्ता का सर्वोच्च रूप सेवा है। ब्रिटिश इतिहासकार जॉन कीए ने उन्हें 'दार्शनिक रानी' कहा था, जबकि एनी बेसेंट ने उनके शासनकाल को मालवा का 'स्वर्ण युग' बताया। यह केवल प्रशंसा नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक सत्य की स्वीकृति है कि अहिल्याबाई ने भारतीय शासन परंपरा को नैतिक ऊंचाई प्रदान की।

अहिल्याबाई शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गढ़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता, भ्रष्टाचार और सांस्कृतिक विघटन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिए प्रकाशस्तंभ की तरह है। वे बताती हैं कि नेतृत्व केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज को दिशा देना है। राष्ट्र निर्माण केवल बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि सेवा, न्याय और संवेदना से होता है।

# धरती का स्पर्श,स्वस्थ जीवन का आधार :मिट्टी, चुंबकत्व और शरीर की ऊर्जा



ललित गर्ग

**मिट्टी मानव जीवन का मूल आधार है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हमारे भोजन, जल, वनस्पति तथा समस्त जीव-जगत का अस्तित्व मिट्टी पर ही निर्भर करता है। भारतीय संस्कृति में मिट्टी को केवल धूल नहीं माना गया, बल्कि उसे 'धरती माता' का स्वरूप दिया गया है। प्राचीन काल में लोग मिट्टी के घरों, कच्चे आंगनों और खेतों के बीच रहते थे, जिससे उनका प्रकृति से गहरा संबंध बना रहता था।**

मिट्टी में अनेक खनिज तत्व और प्राकृतिक गुण पाए जाते हैं, जो पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी माने जाते हैं। संस्कृत साहित्य में पृथ्वी को धैर्य, सहनशीलता और पालन-पोषण का प्रतीक बताया गया है। अथर्ववेद में कहा गया है- 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' अर्थात् पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं। यह पंक्ति भारतीय संस्कृति में मिट्टी के महत्व को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। मिट्टी केवल अन्न उत्पन्न नहीं करती, बल्कि मनुष्य को प्रकृति से जोड़कर जीवन में संतुलन, शांति और ऊर्जा भी प्रदान करती है। मानव सभ्यता का सबसे गहरा संबंध यदि किसी तत्व से रहा है, तो वह धरती और मिट्टी ही है। मनुष्य का जन्म भी प्रकृति की गोद में हुआ और उसका जीवन हजारों वर्षों तक मिट्टी, जल, वायु और सूर्य के साथ संतुलन बनाकर चलता रहा। प्राचीन भारत में छोटे बच्चों को घर-आंगन की मिट्टी में खेलने देना सामान्य बात थी। बच्चे धूल-मिट्टी में दौड़ते, गिरते, उठते और प्रकृति के बीच बड़े होते थे।

उस समय इसे गंदगी नहीं, बल्कि स्वाभाविक जीवन का हिस्सा माना जाता था। यही कारण था कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक मजबूत होती थी, शरीर सक्रिय रहता था और मानसिक विकास भी स्वाभाविक रूप से होता था। मिट्टी के संपर्क में रहने से शरीर धीरे-धीरे वातावरण में मौजूद सूक्ष्म जीवों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेता था। आज आधुनिक विज्ञान भी यह मानता है कि अत्यधिक कृत्रिम और बंद वातावरण में पलने वाले बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अपेक्षाकृत कमजोर हो सकती है। समय के साथ जीवनशैली बदली और आधुनिकता के नाम पर मनुष्य ने स्वयं को प्रकृति से दूर करना शुरू कर दिया। गांवों और शहरों में मिट्टी के आंगन तथा कच्चे फर्श धीरे-धीरे समाप्त होते गए। उनकी जगह सीमेंट, कंक्रीट, मार्बल, कांच और लकड़ी के चमकदार फर्शों ने ले ली। घरों का बाहरी सौंदर्य तो बढ़ा, लेकिन धरती से हमारा सीधा संबंध कमजोर पड़ने लगा। आज बच्चे घरों में बंद होकर मोबाइल, टीवी और कृत्रिम खिलौनों के बीच बड़े हो रहे हैं। नंगे पैर चलना अब पिछड़ेपन की निशानी समझा जाने लगा है। पैरों में हर समय रबड़, प्लास्टिक, चमड़े और अन्य कृत्रिम पदार्थों से बने जूते-चप्पल रहने लगे हैं। परिणामस्वरूप, शरीर का धरती से प्रत्यक्ष संपर्क लगभग समाप्त हो गया है। इसका प्रभाव केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और जीवनशैली पर भी स्पष्ट दिखाई देने लगा है। जैसा कि ऊपर भी इस आलेख में बता चुका हूं कि भारतीय संस्कृति में धरती को केवल मिट्टी नहीं, बल्कि 'माता' का स्थान दिया गया है। सुबह उठकर धरती को प्रणाम करने की परंपरा इसी भावना को व्यक्त करती है। हमारे ऋषि-मुनि नंगे पैर चलते थे, तपस्या करते थे और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन व्यतीत करते थे।

आयुर्वेद तथा योग में भी मिट्टी और पृथ्वी तत्व को शरीर के संतुलन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। भारतीय परंपरा में यह विश्वास रहा है कि मिट्टी में प्राकृतिक ऊर्जा और चुंबकीय गुण विद्यमान होते हैं, जो शरीर को संतुलित रखने में सहायता करते हैं। पृथ्वी स्वयं एक विशाल चुंबक की तरह कार्य करती है और उसका चुंबकीय क्षेत्र प्रत्येक जीवित प्राणी को प्रभावित करता है। जब मनुष्य नंगे पैर धरती पर चलता है, तब शरीर और पृथ्वी के बीच ऊर्जा का स्वाभाविक आदान-प्रदान होता है। आधुनिक समय में इसे 'अर्थिंग' अथवा 'ग्राउंडिंग' जैसे नामों से भी समझाया जा रहा है। अनेक शोध यह संकेत देते हैं कि धरती के संपर्क में रहने से तनाव कम हो सकता है, नींद बेहतर हो सकती है और मानसिक शांति का अनुभव होता है। आज आंखों की कमजोरी, त्वचा रोग, एलर्जी, तनाव तथा मानसिक अस्थिरता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इसके पीछे केवल खानपान या प्रदूषण ही नहीं, बल्कि प्रकृति से बढ़ती दूरी भी एक महत्वपूर्ण कारण मानी जा सकती है। पहले बच्चे मिट्टी में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, खेतों में दौड़ते थे और खुले वातावरण में अधिक समय बिताते थे। इससे उनका शरीर स्वाभाविक रूप से मजबूत बनता था। अब जीवन एयर कंडीशनर, बंद कमरों और कृत्रिम रोशनी तक सीमित होकर रह गया है। शरीर को सूर्य का प्रकाश कम मिलता है, धरती का स्पर्श नहीं मिलता और प्रकृति से जुड़ाव निरंतर घटता जा रहा है। इसका प्रभाव रोग प्रतिरोधक क्षमता पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों तथा अनेक आदिवासी इलाकों में आज भी लोग प्रकृति के अधिक निकट जीवन जीते हैं। वहां घर-आंगन में नंगे पैर चलना सामान्य बात है। बच्चे मिट्टी में खेलते हैं और लोग खेतों तथा प्राकृतिक वातावरण में अधिक समय बिताते हैं। यही कारण है कि वहां के लोगों में शारीरिक सक्रियता, मानसिक संतुलन और प्राकृतिक जीवनशैली आज भी अपेक्षाकृत अधिक देखने को मिलती है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ जुड़ा हुआ एक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक अनुभव भी है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है या हमें पुनः पूरी तरह पुराने समय में लौट जाना चाहिए। आधुनिक सुविधाएं जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाती हैं, लेकिन विकास का अर्थ प्रकृति से पूर्ण दूरी बना लेना नहीं होना चाहिए। आवश्यकता इस बात की है कि हम आधुनिक जीवन और प्राकृतिक संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित करें। बच्चों को मिट्टी, पेड़-पौधों और खुले वातावरण से जोड़ना चाहिए। कभी-कभी नंगे पैर घास या मिट्टी पर चलना, घरों में छोटे आंगन और बगीचे बनाना तथा प्रकृति के साथ समय बिताना शरीर और मन दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। धरती केवल रहने का स्थान नहीं, बल्कि जीवन ऊर्जा का आधार है।

# तम्बाकू की लत कर रही है घर-परिवार तबाह



बाल मुकुन्द ओझा

**विश्व तम्बाकू निषेध दिवस हर साल दुनिया भर में 31 मई को मनाया जाता है। यह दिन लोगों को तम्बाकू के खतरों के बारे में जागरूक करने और इसके सेवन को रोकने के लिए मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 का विषय निकोटीन और तंबाकू की लत के आकर्षण का पर्दाफाश: निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला रखा गया है।**

ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, दुनिया भर में हर साल करीब 80 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन से जुड़ी बीमारियों के कारण होती है, जिनमें लगभग 12 लाख मौतें तो सिर्फ परोक्ष धुएं के चलते होती हैं। तम्बाकू एक मीठा जहर है जो बीड़ी सिगरेट, हुक्का, गुल, गुड़ाकु, जर्दा, किमाम, खैनी, गुटखा अदिधुंवा रहित और धूम्रपानयुक्त कई रूपों में बाजार में उपलब्ध है। तम्बाकू को मीठा जहर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह प्रारंभ में व्यक्ति को आनंद और ताजगी का अनुभव कराता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक उपयोग से स्वास्थ्य पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। तम्बाकू में निकोटीन होता है, जो एक नशे की लत पैदा करने वाला पदार्थ है। इसके सेवन से हृदय रोग, कैंसर, और अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, इसे मीठा जहर कहा जाता है। तम्बाकू के इस्तेमाल से मुँह, गला, मस्तिष्क, घेंघा, फेफड़ें, पित्ताशय, गुर्दे और स्तन सहित शरीर के विभिन्न अंगों में कैंसर पैदा हो सकता है। तम्बाकू के कारण हृदय रोग, फेफड़े संबंधी रोग, पक्षाघात, अंधापन, दांत और मसूड़े की बीमारियां भी हो सकती है। तम्बाकू के गुटके के रूप में खाने से सफेद दाग, मुँह का नहीं खुल पाना तथा कैंसर रोग भी हो सकता है। लगातार गुटखे या तम्बाकू का सेवन आपके दांत को ढीले और कमजोर बना देते हैं बैक्टीरिया दांतों में जगह बना लेते हैं जिससे दांतों का रंग बदलने लगता है और धीरे-धीरे दांत गलने भी लगते हैं। तम्बाकू या गुटखा लगातार खाने वालों की जीभ, जबड़ों और गालों के अंदर सेंसेटिव सफेद पेच बनने लगते हैं और उसी से मुंह में कैंसर की शुरुआत होती है जिसके बाद धीरे-धीरे मुंह का खुलना बंद हो जाता है और मुंह में कैंसर फैल जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि दुनिया भर में बढ़ते खाद्य अभाव और तम्बाकू सेवन से हर साल 80 लाख लोगों की मौत के मद्देनज़र, देशों को तम्बाकू की खेती को अनुदान बन्द करना होगा और खाद्य उत्पादन करने में किसानों की मदद करनी होगी।

असल में तम्बाकू के अनेक शारीरिक व आर्थिक नुक्सानको नजरअंदाज नहीं किया जासकता हैं। एक और जहां तम्बाकू के सेवन से कई बीमारियां हों सकती है वहीं दूसरी और यह ग्लोबल फ़ूडक्राइसिस का कारण बन सकता है। यह सर्वविदित है तम्बाकू के सेवन से जीवन शक्ति का भी ह्रास होता है। व्यक्ति को पता चल जाता है कि तम्बाकू का सेवन हानिकारक है किंतु लाख प्रयासों के बाद भी यह लत छूटती नहीं। और जब व्यक्ति किसी भयानक रोग का शिकार हो जाता है तब उसे इसके खतरनाक होने का एहसास होता है मगर तब तक देर हो चुकी होती है। यह सत्य है कि तम्बाकू का प्रयोग किसी भी रूप में किया जाए, इसका शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता ही है। भारत के साथ ही सम्पूर्ण विश्व में पिछले कुछ सालों में तम्बाकू के सेवन और उससे पीड़ित लोगों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। इस गंभीर लत ने हजारों लोगों को विभिन्न बीमारियों के साथ अकाल मौत के मुँह में धकेल दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू और धूम्रपान सेवन से होने वाली हानियों और खतरों से विश्व जनमत को अवगत कराके इसके उत्पाद एवं सेवन को कम करने की दिशा में आधारभूत कार्यवाही करने का प्रयास किया है। तम्बाकू सेवन केवल शरीर के लिए ही हानिकारक नहीं है, यह व्यक्ति की सामाजिक-आर्थिक सिथति को भी कमजोर बनाती है।

# जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने अनुवाद की मूक पशुओं की भाषा

महेन्द्र तिवारी

**मानव सभ्यता के इतिहास में यह इच्छा हमेशा से रही है कि हम अपने आस-पास के मूक पशुओं की भाषा को समझ सकें। पौराणिक कहानियों से लेकर आधुनिक विज्ञान कथाओं तक, जानवरों से बातचीत करने की क्षमता को हमेशा एक जादुई शक्ति या वरदान के रूप में प्रस्तुत किया गया है।**

परंतु वर्तमान समय में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को गहराई से प्रभावित कर रही है, यह प्राचीन स्वप्न भी अब वास्तविकता का रूप लेने लगा है। चीन के एक नए तकनीकी स्टार्टअप ने इस दिशा में एक अत्यंत क्रांतिकारी और साहसिक कदम उठाया है जिसने पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों, पशु प्रेमियों तथा तकनीकी जगत को अचंभित कर दिया है। इस चीनी कंपनी ने एक ऐसा विशेष उपकरण तैयार किया है जो पालतू जानवरों की आवाजों और उनके शारीरिक हाव-भाव का विश्लेषण करके उसे इंसानी भाषा में अनुवाद करने में सक्षम है। इस पूरे आविष्कार में सबसे अधिक ध्यान आकर्षित करने वाली बात यह है कि इस उपकरण के माध्यम से किए जाने वाले अनुवाद को 95 प्रतिशत तक सटीक बताया जा रहा है, जो कि विज्ञान और तकनीक की दुनिया में एक बहुत बड़ा और अभूतपूर्व दावा माना जा रहा है। इस अनोखी और अत्याधुनिक तकनीक को विकसित करने का पूरा गौरव चीन के हांगझोउ शहर में कार्यरत एक नए स्टार्टअप मेंग श्याओयी को जाता है। इस संस्थान ने वर्षों के व्यापक शोध और जटिल परीक्षणों के उपरांत पेट्टीचैट नाम का एक अनूठा स्मार्ट कॉलर बाजार में पेश किया है। यह गले में पहनाया जाने वाला कोई साधारण पट्टा नहीं है, अपितु इसके अंदर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक पूरी कार्यप्रणाली समाहित है। इस गैजेट की मूल संरचना को शक्ति प्रदान करने के लिए अलीबाबा क्लाउड के सुप्रसिद्ध क्वेन एआई मॉडल का प्रयोग किया गया है। इस मॉडल को विशेष रूप से पशुओं के व्यवहार, उनकी विभिन्न ध्वनियों और मनोदशाओं को समझने के लिए ही तैयार किया गया है। इस पूरी तकनीक को विकसित करने में वैज्ञानिकों और डेवलपर्स को पूरे 2 वर्ष का लंबा समय लगा है। इस लंबी अवधि के दौरान कंपनी ने अनेक अनुभवी पशु चिकित्सकों और पशु व्यवहार विशेषज्ञों का सहयोग लिया ताकि पालतू जीवों के संवाद करने के तौर तरीकों का एक अत्यंत प्रामाणिक और वैज्ञानिक डेटाबेस तैयार किया जा सके जो इस उपकरण को आधार प्रदान कर सके।

इस आधुनिक उपकरण को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से स्टार्टअप ने पालतू पशुओं, मुख्य रूप से कुत्तों और बिल्लियों के लाखों ऑडियो और वीडियो नमूनों को एकत्रित किया और उनका बारीकी से अध्ययन किया। इन संकलित नमूनों में जानवरों के अलग-अलग परिस्थितियों में भौंकने, म्याऊं करने, घुरघुराने तथा उनके बैठने, उठने और पूंछ हिलाने जैसी विभिन्न शारीरिक मुद्राओं को रिकॉर्ड किया गया था। इस विशाल डेटा का विश्लेषण करने के पश्चात ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को इस योग्य बनाया जा सका कि वह जानवरों के भीतर छिपी भावनाओं के संकेतों को आसानी से पकड़ सके।

जब कोई पालतू पशु इस पट्टे को अपने गले में धारण करता है, तो इसमें स्थापित किए गए बेहद संवेदनशील माइक्रोफोन उसकी आवाजों को तुरंत पकड़ लेते हैं और साथ ही इसमें लगे मोशन सेंसर उसकी शारीरिक गतिविधियों को मापते हैं। यह संपूर्ण प्रक्रिया इतनी तीव्र गति से पूरी होती है कि कुछ ही सेकंडों में सारा डेटा मालिक के स्मार्टफोन में मौजूद एक विशेष ऐप पर भेज दिया जाता है। यह ऐप उस डेटा का अनुवाद करके मोबाइल स्क्रीन पर सीधे छोटे और स्पष्ट वाक्य प्रदर्शित कर देता है, जिससे मालिक को अपने पालतू पशु की स्थिति तुरंत पता चल जाती है। तकनीकी मोर्चे पर इस उपकरण की सबसे बड़ी विशेषता इसके द्वारा किया जाने वाला सटीकता का दावा है। मेंग श्याओयी स्टार्टअप का कहना है कि उनका यह एआई मॉडल पालतू जानवरों की 20 से अधिक विभिन्न प्रकार की संवेगात्मक और मानसिक दशाओं को बिल्कुल सटीक रूप से पहचानने में पूरी तरह सक्षम है।

# अवैध साइलेंसर वाले 6 वाहन जब्त, मचेगा पटाखा तो होगी कड़ी कार्रवाई

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर की सड़कों पर तेज आवाज वाले अवैध साइलेंसर और पटाखा छोड़कर पब्लिक न्यूसेंस करने वाले बुलेट चालकों के खिलाफ डीडवाना-कुचामन जिला पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव के निर्देश पर डीडवाना थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाली 6 मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिलों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार डीडवाना थाने पर आयोजित सीएलजी बैठक के दौरान स्थानीय नागरिकों और सदस्यों ने शहर में मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिलों से होने वाले भारी शोर और उससे उत्पन्न होने वाली परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। आमजन की इस शिकायत को बेहद गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तुरंत विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया।मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु शर्मा के निर्देशन और वृत्ताधिकारी डीडवाना जेठू सिंह के सुपरविजन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। डीडवाना थानाधिकारी गरिमा चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम और कालिका टीम डीडवाना ने संयुक्त रूप से कस्बे में अलग-अलग स्थानों पर सघन नाकाबंदी और चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान नियमों के विरुद्ध अवैध रूप से मॉडिफाइड की गई और




तेज आवाज वाले साइलेंसर लगी 6 बुलेट मोटरसाइकिलों को चिन्हित कर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत जब्त कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 6 अवैध मॉडिफाइड बुलेट मोटरसाइकिलें जब्त की जा चुकी हैं।

## आरएएस में चयन होने पर किया भव्य स्वागत

**नाहरगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में शनिवार को गुर्जर समाज द्वारा आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 में चयनित हुए युवा प्रतिभा चंद्रराज गुर्जर का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समाज के लोगों ने बताया कि कोटा जिले के पाचन कुई निवासी चंद्रराज गुर्जर पुत्र ओमप्रकाश गुर्जर ने आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त कर समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चंद्रराज ने ऑल ओवर स्टेट 877वी रैंक प्राप्त की वही एमबीसी कैटेगरी में 20वीं रैंक प्राप्त की है । ऐसे में चंद्रराज गुर्जर के नाहरगढ़ आगमन पर समाज के युवाओं ने विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी कर उनका स्वागत किया गया व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने मिठाईयां बांटकर खुशी जताई। सम्मान समारोह में चंद्रराज गुर्जर ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए युवाओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

### 21वां एकविशांति कल्याण महाकुंभ 1 से 8 जुलाई तक, नगर निमंत्रण 7 जून से

## कल्लाजी वेदपीठ में होगा भक्ति, सेवा और समर्पण का दिव्य संगम

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** कल्याण नगरी स्थित शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान तथा कल्लाजी मंदिर मंडल न्यास कल्याण नगरी के तत्वावधान में 21वां अष्ट दिवसीय एकविशांति कल्याण महाकुंभ आगामी 1 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। महाकुंभ के अंतर्गत लिंग महापुराण कथा एवं अति महारूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर से संत-महात्मा एवं हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। **शंकराचार्य जी को दिया महाकुंभ में आने का निमंत्रण** शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ एवं शोध संस्थान के पदाधिकारियों व न्यासियों द्वारा भानपुरा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने आगामी कल्याण महाकुंभ में पधारने का निमंत्रण दिया तथा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी करवाया। **घर-घर पहुंचाया जाएगा भावभरा निमंत्रण**



वेदपीठ की ओर से वीर एवं वीरांगनाओं द्वारा कल्याण नगरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आगामी 7 जून रविवार को घर-घर जाकर पीले चावल, पुष्प एवं प्रचार सामग्री देकर श्रद्धालुओं को महाकुंभ में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही नगरवासियों के घरों के बाहर सांभ सदा शिव के स्टीकर लगाकर इस वर्ष प्रभु शिव शंकर को समर्पित महाकुंभ को भव्य बनाने का संदेश दिया जाएगा।

**21 जून को निकलेगी आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा** महाकुंभ के उपलक्ष्य में आगामी 21 जून रविवार को कल्लाजी मंदिर से चित्तौड़गढ़ दुर्ग तक भव्य आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा निकाली जाएगी। वेदपीठ पदाधिकारियों ने अधिकाधिक श्रद्धालुओं से पदयात्रा में भागीदारी निभाने का आग्रह किया है। वेदपीठ के पदाधिकारियों ने बताया कि महाकुंभ को लेकर न्यासियों, कल्याण भक्तों, वीर-वीरांगनाओं, कृष्णा शक्ति दल की मातृशक्ति एवं शक्ति ग्रुप की बालिकाओं द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## 'प्राणी की पूजा ही परमात्मा की पूजा है : स्वामी हंसराम

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर सनातन सेवा समिति, हरिशेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी उदासीन महाराज के सानिध्य में आयोजित भक्तमाल कथा का शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में समापन हुआ। कथा के



पांचवें एवं अंतिम दिवस ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ (मध्यप्रदेश) के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज ने अपने प्रेरक उद्बोधन से श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और भक्ति का संदेश दिया। स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ ने कहा कि 'प्राणी की पूजा ही परमात्मा की पूजा है।' उन्होंने कहा कि संत-महापुरुष सदैव समाज को धर्म, भक्ति, सेवा और सदाचार का मार्ग दिखाते हैं। श्रीभक्तमाल के टीकाकार प्रियादास जी द्वारा वर्णित भगवान शिव की भगवत निष्ठा का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव स्वयं भगवान श्रीराम के परम भक्त हैं। **श्रद्धा और भक्ति से समझें ईश्वर की महिमा** कथा के दौरान माता सती द्वारा भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने के प्रसंग का उल्लेख करते हुए स्वामी जी ने कहा कि ईश्वर की लीलाओं और संतों की महिमा को तर्क से नहीं, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और भक्ति से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन की नींव सेवा, स्वाध्याय, संयम और सद्विचारों पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने वाणी में संयम, बड़ों के सम्मान और 'राम-राम' से अभिवादन की परंपरा को भारतीय संस्कृति की पहचान बताते हुए कहा कि रामनाम ही मनुष्य की वास्तविक संपत्ति है।

## नागेलाव में मधुमक्खियां के हमले से पांच घायल, 2 की हालत गंभीर, अजमेर रैफर, धूप के दौरान धुएं से बिफरी

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** नागेलाव में शनिवार सुबह जेठाना रोड पर खेत पर दादाजी की देवली के चौदस का धूप करने आए एक परिवार पर धुएं से आक्रोशित मधुमक्खियां ने हमला बोल देने से पांच ने घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जेठाना अस्पताल भर्ती कराया गया। जिनमें से दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें अजमेर हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया। मामले में नागेलाव के जेठाना रोड पर शनिवार सुबह 45 वर्षीय बोदु पुत्र भेरू गुंजल का परिवार चतुर्दशी के मौके पर खेत पर स्थित दादाजी की देवली पर पूजा अर्चना तथा धूप करने के लिए पहुंचा। धूप करने के लिए जलाए गए कंडो का धुआं पीपल के पेड़ पर मधुमक्खी के छाते पर जा पहुंचा। जिससे छाते की मधुमक्खियां बिफर पड़ी। और उन्होंने पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। उन्होंने भाग कर अपनी जान



बचाई। हमले में घायल बौद्ध पुत्र भेरू, उसका लड़का उमेश, भतीजा आशीष, आशीष की पत्नी दीपा, बेटी काव्या घायल हो गए। पाचों जनों को मोटरसाइकिल की मदद से जेठाना अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉ. लता भगतानी, नर्सिंग ऑफिसर मैना कंवर ,मेल शर्की सतपाल सिंह, राजेश कीअगुवाई में टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जिनमें से बोदु और उसके लड़के उमेश की हालत नाजुक होने पर उन्हें अजमेर के जेएलन हॉस्पिटल रैपर किया गया। अजमेर के उपचार के दौरान शाम को उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

## बाल श्रम और मानव तस्करी के खिलाफ डीडवाना-कुचामन पुलिस की बड़ी मुहिम

# कल से शुरू होगा विशेष अभियान 'उमंग

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** बच्चों के सुरक्षित भविष्य, बाल श्रम के खात्मे और मानव तस्करी (बाल तस्करी) के उन्मूलन के लिए डीडवाना-कुचामन जिले में आगामी 1 जून से 30 जून 2026 तक एक विशेष अभियान उमंग-ङ्कद्धङ्ख चलाया जाएगा. पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार आयोजित होने वाले इस अभियान की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की गई. बैठक के दौरान अभियान को सफल बनाने के लिए थानावार विशेष टीमों का गठन किया गया और उन्हें प्रभावी कार्रवाई के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया।एसपी ज्ञानचन्द्र



यादव ने बताया कि अभियान को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने के लिए सभी स्टेक होल्डर्स के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है. इस अभियान के तहत पुलिस विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बाल अधिकारिता विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग श्रम विभाग बाल कल्याण समिति चिल्ड्रन होम व शेल्टर होम ये सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से प्रभावी कार्रवाई करेंगे।बैठक के दौरान एसपी ने सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए।इसके तहत वर्तमान में बच्चों को नशे की लत से दूर रहने और उन्हें जागरूक करने के संबंध में विशेष प्रयास किए जाएंगे।इस उच्च स्तरीय बैठक में बाल कल्याण अधिकारी जयपाल सिंह, सहायक श्रम आयुक्त संदीप कुमार, एएचटीयू प्रभारी व सहायक उप निरीक्षक इकबाल खां, चाइल्ड हेल्पलाइन नागौर के समन्वयक, राजकीय रेलवे पुलिस (त्रक्रक्क), आरपीएफ (त्रक्कस्न) चौकी सुजानगढ़ व डीडवाना के प्रभारी सहित विभिन्न थानों के बाल कल्याण अधिकारी और एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुरुषोत्तम मास में भीलवाड़ा को मिलेगा आध्यात्मिक महापर्व का सौभाग्य

# 8 जून से होगा सप्त दिवसीय विष्णु-लक्ष्मी महायज्ञ

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** धर्मनगरी भीलवाड़ा की पावन धरती पर पहली बार सप्त दिवसीय विष्णु-लक्ष्मी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर के छोटी हरणी स्थित हनुमान टेकरी के काठियाबाबा आश्रम में 8 जून से 14 जून तक आयोजित होने वाले इस महायज्ञ को लेकर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। आयोजन महंत बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के यज्ञाचार्य वृंदावनधाम के आचार्य मुकेश अवस्थी महाराज होंगे। सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन यज्ञ में श्रद्धालु यजमान के रूप में आहुतियां अर्पित करेंगे। इसके लिए आश्रम परिसर में विशाल पांडाल तैयार किया जाएगा। महायज्ञ के साथ-साथ श्रद्धालुओं के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आनंद के लिए प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भक्तिमय रासलीला का मंचन भी किया जाएगा। आश्रम परिसर में होने वाली यह रासलीला भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सजीव प्रस्तुतीकरण करेगी। महंत बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि भगवान श्रीहरि एवं माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्ति के उद्देश्य से आयोजित इस महायज्ञ में 111 कलशों को लक्ष्मी स्रोत के मंत्रों से सिद्ध किया जाएगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात इन लक्ष्मी कलशों को यजमानों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष औषधियों एवं वैदिक द्रव्यों से होने वाला यह हवन धन-समृद्धि, ऋण मुक्ति, रोग निवारण तथा राष्ट्र कल्याण की भावना से किया जाएगा। महायज्ञ का शुभारंभ 8 जून को प्रातः 8 बजे चारभुजानाथ मंदिर, छोटी हरणी से भव्य कलश यात्रा के साथ होगा।

कलश यात्रा यज्ञ मंडप तक पहुंचेगी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ मंडप प्रवेश, देवता स्थापना, पूजन-अर्चन और अग्नि मंथन के बाद महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। महायज्ञ के अंतर्गत 9 जून को गुड़, केसर, अनार, हरिद्रा सहित विभिन्न पवित्र द्रव्यों से विशेष हवन आयोजित होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन की पूर्णाहुति 14 जून को अभिजीत मुहूर्त में होगी। इसके बाद महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महंत बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि इस महायज्ञ में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में छोटी हरणी के ग्रामवासी भी सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म, भक्ति और लोककल्याण के इस महायज्ञ का पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

## 22 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार,न्यायालय ने भेजा जेल

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** पुलिस थाना मांगलियावास की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक इनामी स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पिछले 22 वर्षों से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था और थाना क्षेत्र के 10 प्रमुख फरार आरोपियों की सूची में शामिल था। जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाधिकारी हरीश चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उमर मौहम्मद पुत्र फजरू उर्फ फकरू मेव, निवासी छपरा, थाना पहाड़ी, जिला भरतपुर हाल डीग को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध एसीजेएम न्यायालय नसीराबाद से स्थायी वारंट जारी था। पुलिस के अनुसार आरोपी एक पुराने सड़क हादसे से जुड़े मामले में न्यायालय की पेशियों से अनुपस्थित रहने के कारण वर्ष 2004 से फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों और मुखबिर तंत्र की सहायता से पुलिस ने उसे 29 मई 2026 को गिरफ्तार कर लिया।

# एक नजर

## लायंस क्लब निम्बाहेडा की वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी का मनोनयन

### अध्यक्ष पद पर मूंदड़ा एवं सचिव पद पर जोशी का चयन




**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब निम्बाहेड़ा के आगामी वर्ष 2026-27 हेतु नवीन कार्यकारिणी गठन हेतु सदस्य नॉमिनेशन समिति का चयन किया गया। समिति द्वारा प्रस्तावित नवीन कार्यकारिणी का अनुमोदन हेतु शुक्रवार को लायंस भवन में आयोजित साधारण सभा में प्रस्तुत किया गया। नॉमिनेशन समिति अध्यक्ष लायन डॉ. जैन ने बताया कि आगामी वर्ष 2026-27 के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर लायन अरविंद मूंदड़ा को अध्यक्ष एवं सचिव पद पर किशनलाल जोशी एवं कोषाध्यक्ष पद पर अरविंद खंडेलवाल का चयन किया गया। उल्लेखनीय है कि अध्यक्ष पद लायन मूंदड़ा विगत वर्षों में दो बार सचिव तथा खंडेलवाल दो बार कोषाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं दोनों सदस्यों के चयन पर क्लब सदस्यों ने हर्षोल्लाह के साथ अभिनंदन कर बधाई प्रेषित की। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद पर जगदीशचंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार महेश्वरी, भरत आंजना, पवन ढेलावत, प्रमोद तिवारी एवं सुनील डूंगरवाल को मनोनीत किया है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर डॉ. जेएम जैन, शांतिचंद मेहता, जीआर गर्ग, ज्ञानचंद ढेलावत, श्यामलाल भराडिया, नवीन मारू, सुरेश चंद तोतला एवं राजकुमार रायपुरिया का चयन किया गया। क्लब की विभिन्न सेवा गतिविधियों के संचालन हेतु समितियां का गठन किया है जिसमें नेत्रदान समिति, देहदान, समिति सदस्यता अभियान, समिति सेवा गतिविधि की प्रमुख समिति, निर्वाण समिति सहित 9 समितियां का चयन किया गया। डॉ. जैन ने बताया कि प्रथम बार 60 सदस्यों के क्लब के लगभग सभी सदस्यों को विभिन्न समितियों में चयन किया गया है ताकि सभी सेवा गतिविधि गतिमान रहे।

### विधायक कृपलानी की अनुशंसा से स्वीकृत निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन परियोजना ने पकड़ी रफ्तार

## देवलखेड़ी-डोरिया के मध्य पोल शिफ्टिंग एवं सड़क चौड़ाईकरण कार्य शुरू, क्षेत्रवासियों में खुशी



**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के सतत प्रयासों एवं अनुशंसा से स्वीकृत निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग के फोरलेन (चौड़ाईकरण) निर्माण कार्य ने अब धरातल पर गति पकड़ ली है। परियोजना के तहत निंबाहेड़ा से मंगलवाड़ मार्ग पर देवलखेड़ी-डोरिया के मध्य विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं सड़क चौड़ाईकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिससे क्षेत्र के लोगों में उत्साह एवं खुशी का वातावरण है। उल्लेखनीय है कि निंबाहेड़ा-मंगलवाड़ मार्ग क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन आवागमन करते हैं। लंबे समय से इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी। विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा राज्य सरकार के समक्ष इस आवश्यकता को प्रमुखता से उठाते हुए मार्ग के फोरलेन निर्माण की स्वीकृति दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण परियोजना स्वीकृत हुई। वर्तमान में देवलखेड़ी-डोरिया क्षेत्र में सड़क विस्तार के लिए विद्युत पोलों को हटाने एवं स्थानांतरित करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क चौड़ाईकरण की प्रारंभिक गतिविधियां भी शुरू हो चुकी हैं। कार्य की शुरुआत से यह स्पष्ट हो गया है कि परियोजना अब तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। फोरलेन निर्माण पूर्ण होने के बाद न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। साथ ही निंबाहेड़ा, मंगलवाड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापार, उद्योग, कृषि एवं परिवहन गतिविधियों को भी नया आयाम मिलेगा। बेहतर सड़क संपर्क से क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी तथा लोगों का समय एवं संसाधनों की बचत होगी। क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के कार्य प्रारंभ होने पर विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### विटामिन-ए कार्यक्रम का 50 वां चरण 29 मई 2026 से 29 जून 2026 तक

## बच्चों में विटामिन-ए की कमी के कारण पड़ने वाले दुष्प्रभावो को रोकने के लिये विटामिन ए कार्यक्रम का सघन अभियान

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** चित्तौड़गढ़ जिलें में बाल स्वास्थ्य पोषण के तहत बच्चों को बीमारी एवं कमजोरी से बचाने के लिए 29 मई 2026 से 29 जून 2026 तक विटामिन-ए की खुराक पिलाई जायेगी। बच्चों की खाने-पीने की आदतें और परिवेष के कारण कई बार खसरा, निमोनिया, दस्त रोग होने से भी शरीर में विटामिन-ए की कमी हो जाती है। केवल भोजन सामग्री से विटामिन-ए की जरूरत के हिसाब से पूरी मात्रा शरीर को प्राप्त नही हो पाती हैं। अतः यह जरूरी हो जाता है कि उन्हे उपर से विटामिन-ए घोल की पूरक खुराक पिलाई जाऐगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तारा चन्द्र गुप्ता ने बताया जिले में 9 माह से 5 साल तक के लगभग डेढ लाख से अधिक बच्चों को विटामिन-ए घोल की पूरक खुराक पिलाने हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। विटामिन-ए आंखों की बिमारीयों जैसे रंतौधी, अंधता से बचाव के साथ साथ बच्चों में शारीरिक रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए आवश्यक है। विटामिन-ए देने से बच्चो में दस्त एवं निमोनिया आदि बिमारीयों के घातक प्रभाव में कमी लाई जा सकती है। अति0 मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(प.क.) डॉ घनश्याम चावला ने बताया कि जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी लक्षित बच्चों को दवा की खूराक सभी आंगनवाडी केन्द्रो, उप स्वास्थ्य केन्द्रो तथा शहरी प्राथ. स्वास्थ्य केन्द्रो पर पिलाई जायेगी। उन्होने बताया कि जिन गांवों मे आंगनवाडी केंद्र नही है अथवा पद रिक्त है, वहां पर एएनएम द्वारा विटामिन-ए का घोल पिलाया जायेगा। मेरा सभी अभिभावको से अनुरोध हैं कि अभियान में आप अपने 9 माह से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चो को विटामिन-ए की खुराक आवश्यक पिलाए।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राजस्थान का 9 वाँ प्रदेश महाधिवेशन कोटा में प्रारम्भ, लोक सभा अध्यक्ष ओम कृष्ण बिरला ने किया विधिवत उद्घाटन

## 'भारत की आत्मा भारतीय साहित्यकारों में बसती हैं' : बिड़ला




**कोटा,( हुक्मनामा समाचार )।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राजस्थान का नौवां प्रदेश महाधिवेशन शनिवार को प्रात: दस बजे कोटा के राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय तलवंडी में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र का प्रारंभ परिषद् गान से प्रारंभ हुआ तत्पश्चात मां भारती और मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन कर इसकी विधिवत शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि ओम कृष्ण बिरला ने कहा कि भारत की आत्मा भारत के साहित्यकारों में बसती है,उन्होंने रचनाकार के पावन दायित्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की स्थापना का उद्देश्य भारतबोध, राष्ट्रभक्ति से युक्त भारतीयता रहा है जो अब 'आत्मबोध से विश्वबोध' जैसे उदात्त वैश्विक मानवीयता के मापदंड पर खरा उतर रहा है। इस उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि डॉ पवनपुत्र बादल ने भारतीय साहित्य के मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत भूमि महान साहित्यकारों और विचारकों की भूमि रही है,उन्होंने कवि कालिदास, और तुलसीदास के काव्य में निहित विराट मानवीय मूल्यों पर बात की। इस सत्र का कुशल संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के प्रदेश महामंत्री डॉ केशव शर्मा ने किया। उद्घाटन सत्र के बाद दोपहर का भोजनावकाश हुआ,उसके पश्चात तृतीय सत्र में 'लोक मंथन की जानकारी,बाल साहित्य,युवा कार्य और लोक साहित्य' पर चर्चा हुई इस सत्र के विशिष्ट वक्ता अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के राष्ट्रीय मंत्री भरत ठाकौर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ इंदु शेखर तत्पुरुष, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अन्नाराम शर्मा ने विषय से संबंधित अपने विचार प्रकट किए। इस सत्र का संचालन आखिल भारतीय साहित्य परिषद् के जयपुर प्रान्त के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश भार्गव ने किया। चतुर्थ सत्र में 'आदर्श इकाई एवं वार्षिक कलेंडर पर विस्तार से चर्चा हुई, इस सत्र के मुख्य वक्ता भरत ठाकौर, डॉ अन्ना राम शर्मा,पवनपुत्र बादल रहे। इस सत्र में साहित्य परिषद् के साहित्यकारों की पुस्तकों का लोकार्पण किया गया। पंचम सत्र 'संभागश बैठक दायित्व घोषणा और दायित्व बोध' पर केंद्रित रहा। इसमें विविध दायित्व से संबंधित घोषणाएं की गई। संध्याकाल में 'संघ विषय पर केंद्रित काव्य' का प्रदेश भर से आए हुए कवियों ने काव्यपाठ किया,इस तरह दिवस का उत्तरार्द्ध राष्ट्रीयता और देशभक्ति से ओतप्रोत रहा। काव्य संध्या का संचालन कवि योगीराज योगी ने किया।

## करंट से गंभीर रूप से झुलसे युवक को न्याय दिलाने की मांग

**ब्यावर।** बिजली विभाग की कथित लापरवाही से करंट लगने के कारण गंभीर रूप से झुलसे एक युवक को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को ब्यावर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को उचित राहत प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम केलवडयि़ा निवासी दिनेश चौधरी 11 हजार केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे में वह करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गया हैं। उसका इलाज वर्तमान में जोधपुर के एक अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह गंभीर दुर्घटना बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुई।

## तेज हवा व आंधी के बाद बारिस से गर्मी से मिली राहत



**ब्यावर,( हुक्मनामा समाचार )।** ब्यावर शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार की शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। पहले तेज हवा व आंधी आने से शहर के कई क्षैत्र अस्त व्यस्त हो गए। शाम को करीब साढे 7 बजे बादल बिजलिया कडकने क साथ बारिश हुई। नोतपा से क्षेत्र वासियों को कई दिनों से हीट वेव व लू के थपड़े झेलना पड़ रहे थे। इसी के चलते शनिवार को एकाएक तेज अंधड़ के साथ-साथ बारिश के बाद क्षेत्र वासियों ने भयंकर गर्मी से राहत की सांस ली। लोगों ने ठंडी हवाओं का लुफ्त उठाया। तेज गर्मी के चलते मौसम के मिजाज बदलने से घरों में बैठे लोग बाहर निकल कर मौसम का आनंद लेते नजर आए। ओलावृष्टि बारिश एवं बिजली गिरने एवं आंधी तूफान के आने की भी संभावना जताते हुए लोगों को अलर्ट किया गया है।

## क्षतिग्रस्त कृषि उपज मंडी विश्रामगृह को दुरस्त करने की मांग



**ब्यावर,( हुक्मनामा समाचार )।** उदयपुर रोड स्थित कृषि उपज मंडी में पहुंचने वाले काश्तकारों के लिए कहने को तो विश्रामगृह बना है। यह बरसों से उजाड़ पड़ा है। यहां तक कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने इस बिल्डिंग को असुरक्षित मानते हुए चेतावनी भी लिख रखी है। ऐसे में मंडी प्रशासन को काश्तकारों के विश्रामगृह की भी सुध लेनी चाहिए। कृषक किशना राम ने संबधित विभाग से विश्राम गृह तुरंत दुरस्त करा कर काश्तकारो को राहत प्रदान करने की मांग की।

## मीरा बावड़ी के साफ सफाई के लिए होगा श्रमदान



**मदनगंज- किशनगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान में मीरा बावड़ी की साफ सफाई आदि स्वच्छता कार्य के लिये रविवार को प्रात: 8:15 बजे श्रमदान किया जायेगा। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी के आग्रह पर नगर परिषद के आयुक्त जनार्दन शर्मा ने उन्हें बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान में मीरा बावड़ी की साफ सफाई आदि कार्य भी किया जाना हैं। ज्ञातव्य है कि मीरा बावड़ी रोड को मझेला रोड से जोड़ने वाले मीरा सेतु के पास स्थित बरसों से खुर्द बुर्द मलबे से भरी ऊबड़ खाबड़ सी पड़ी प्राचीन मीरा बावड़ी को पूर्व सभापति गुणमाला पाटनी के कार्यकाल में उसके जीर्णोद्वार का कार्य तत्कालीन भाजपा सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अनीता भदेल के कर कमलो से शुभारंभ कराकर बावड़ी को नया स्वरूप दिया गया था।

## आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान किसान सम्मेलन में आत्मनिर्भरता पर जोर



**भीलवाड़ा,( हुक्मनामा समाचार )।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि किसानों को आर्थिक सहायता सीधे बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है। चौधरी ने किसानों से उन्नत बीज, जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने तथा मशरूम, सहजन और खजूर जैसी नकदी फसलों की खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर बल देते हुए किसानों को प्रसंस्कृत उत्पादों के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी। सम्मेलन में ड्रिप सिंचाई, सौर ऊर्जा आधारित कृषि उपकरण, फसल बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सांसद, विधायक और भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा महिला मोर्चा ने पुरुषोत्तम मास पर किया कीर्तन, पक्षियों को डाला दाना

**बूंदी।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार महासभा महिला मोर्चा, बूंदी द्वारा पुरुषोत्तम मास (मलमास) के पवित्र अवसर पर धार्मिक व सेवा कार्य आयोजित किए गए। महिला कार्यकर्ताओं ने स्थानीय अजमीढ़ भवन में उत्साहपूर्वक भजन-कीर्तन का आयोजन किया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। भजन-कीर्तन के पश्चात भीषण गर्मी को देखते हुए सभी उपस्थित श्रद्धालुओं और आमजन को प्रसाद स्वरूप ठंडी-मीठी ठंडाई का वितरण कर राहत पहुंचाई गई। इसके साथ ही जीव दया की भावना के तहत पक्षियों के लिए दाना डाला गया। इस धार्मिक और सेवाभावी कार्यक्रम में महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष स्नेहलता सोनी, कोषाध्यक्ष पिंकी सोनी, संयुक्त मंत्री कांता सोनी के साथ ही संतोष सोनी, विनीता सोनी, राधा सोनी, सुनीता सोनी, प्रियंका सोनी एवं सीता सोनी सहित समाज की अनेक महिला कार्यकर्ता और मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्री निमड़िया भैरव देव मंदिर में गादी (चौकी) का भव्य आयोजन सम्पन्न



**निंबाहेड़ा,( हुक्मनामा समाचार )।** नगर के समीप स्थित पावन धाम श्री निमड़िया भैरव देव मंदिर में ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पुण्य अवसर पर 30 मई, शनिवार को श्री भैरव देव जी की पारंपरिक गादी (चौकी) का आयोजन श्रद्धा, भक्ति गाना एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस दिव्य धार्मिक आयोजन में निंबाहेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। मंदिर प्रांगण में प्रात:काल से ही भक्तों का आगमन प्रारंभ हो गया था। भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत वातावरण के बीच दीपक वैष्णव एवं पंडित शम्भूनाथ के सान्निध्य में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-पाठ एवं विशेष आराधना के पश्चात श्री भैरव देव जी की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने श्री भैरव देव जी के चरणों में शीश नवाकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धा, अनुशासन और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को भैरव कृपा एवं सनातन परंपराओं के महत्व से भी अवगत कराया गया। भक्तों का मानना है कि श्री भैरव देव की आराधना से जीवन के संकट दूर होते हैं तथा सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। ज्येष्ठ पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर सम्पन्न हुई गादी (चौकी) ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आत्मिक शांति का अनुभव कराया। भक्ति, आस्था और धार्मिक परंपराओं के सुंदर समन्वय से मंदिर परिसर दिव्य वातावरण से आलोकित रहा तथा प्रत्येक श्रद्धालु ने श्री भैरव देव जी का आशीर्वाद प्राप्त कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

## 2 हजार किलो सड़ी-गली, बदबूदार फल सब्जियां जब्त कर मौके पर ही नष्ट की

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की




**ब्यावर,( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत ब्यावर में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों और खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले व्यापारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। औचक निरीक्षण के दौरान एक प्रतिष्ठान से करीब 2000 किलोग्राम सड़ी-गली और बदबूदार फल-सब्जियां जब्त कर मौके पर ही नष्ट करवाई गईं। इसके अलावा केला, आम, सेब, टमाटर, बैंगन, लहसुन और पपीते के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर तथा जिला कलक्टर कगल राम मीणा के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में की गई। खाद्य सुरक्षा दल ने गजानन्द केला सप्लायर्स, बालाजी फ्रूट कंपनी, एन.के. फ्रूट कंपनी और लक्की सब्जी मंडी प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लक्की सब्जी मंडी प्राइवेट लिमिटेड में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। यहां बिक्री के लिए रखी गई लगभग 2000 किलोग्राम सड़ी-गली और दुर्गंधयुक्त फल-सब्जियां पाई गईं, जिन्हें आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा दल ने केला, आम, सेब, टमाटर, बैंगन, लहसुन और पपीते के नमूने एकत्र कर जांच के लिए अजमेर स्थित प्रयोगशाला भेजे। अधिकारियों ने सभी फल एवं सब्जी विक्रेताओं को नियमित रूप से पेस्टिसाइड लैब जांच करवाने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जोतायां में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण लीलाओं का किया वर्णन सजाई झांकियों ने मोहा मन

**टांटोटी।** जोतायां ग्राम पंचायत मुख्यालय के गढ़ चौक में कलश यात्रा के साथ 7 दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक साध्वी लक्ष्मी (वृंदावन धाम) ने भागवत कथा के महत्व में प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करना ही आत्म कल्याण और मुक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म का भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया। श्रीकृष्ण अवतार की विभिन्न लीलाओं का वाचन करते हुए कहा कि मानव जीवन में पूजा-पाठ और साधना का महत्व है, लेकिन भाव साधना ही वास्तविक कल्याण का प्रमुख मार्ग है। उन्होंने बताया कि संसार में सर्वोच्च ज्ञान आत्मज्ञान है, क्योंकि आत्मा ही कर्म बंधन से मुक्ति का आधार बनती है। संगीतमय कथा के दौरान श्रीकृष्ण और राधा की सजीव झांकी सजाई गई।

## सुदामा में आवासी शंकरलाल महेश्वरी का निधन, संस्थान के पदाधिकारी एवं पुत्री ने दी माहेश्वरी को मुखाग्नि



**बून्दी,( हुक्मनामा समाचार )।** सुदामा सेवा संस्थान नैनवा रोड स्थित वृद्धाश्रम आसरा में 8 वर्षों से अधिक समय से आवासीय के रूप में रह रहे कोटा निवासी शंकर लाल माहेश्वरी का निधन हो गया, जिन्हें संस्थान के पदाधिकारी एवं पुत्री द्वारा मुखाग्नि दी गई। संस्थान से जुड़े मनीष गौतम ने बताया कि शंकर लाल माहेश्वरी सुदामा सेवा संस्थान के सबसे पुराने सदस्य रहे हैं। 8 वर्ष से भी अधिक समय उन्होंने सुदामा में बिताया है। संस्थान द्वारा उनकी अच्छी सेवा की गई लगातार उनके स्वास्थ्य में गिरावट आती रही लेकिन संस्थान द्वारा उनका कोटा और बूंदी में भी इलाज चला। दुखी इस घड़ी में संस्थान के संरक्षक बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं अपने श्री चरणों में देने की प्रार्थना की। शंकर लाल माहेश्वरी का अंतिम संस्कार संस्थान के पदाधिकारी और उनकी पुत्री ज्योति माहेश्वरी एवं उनके पति द्वारा किया गया।

## भारत विकास में पहली बार इंटरनेशनल इंटरैक्टिव रोबोट वेल्स रोबोटिक तकनीक से पहली बार सफल घुटना प्रत्यारोपण

**कोटा।** शहर की स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक चिकित्सा का एक नया अध्याय जुड़ गया है। भारत विकास परिषद अस्पताल में पहली बार अत्याधुनिक वेलिस रोबोटिक सहायक घुटना प्रत्यारोपण शल्यक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। वरिष्ठ जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विश्वास शर्मा के नेतृत्व में हुई इस सफल ऑपरेशन ने गंभीर घुटना गठिया से पीड़ित मरीजों के लिए नई उम्मीद जगाई है। डॉ. विश्वास शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि घुटनों की घिसावट से पीड़ित मरीज लंबे समय से असहनीय दर्द, चलने-फिरने में कठिनाई और घुटनों में गंभीर जकड़न की समस्या से परेशान था। रोबोटिक तकनीक की सहायता से किए गए सफल घुटना प्रत्यारोपण के बाद मरीज की स्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। डॉ. विश्वास शर्मा ने बताया कि ङ्कद्गद्य4ह्य जैसी आधुनिक रोबोटिक तकनीक अनुभवी सर्जन के मार्गदर्शन में ऑपरेशन को अधिक सटीक, सुरक्षित और प्रभावी बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मरीज की आयु, हड्डियों की गुणवत्ता, विकृति की गंभीरता और जीवनशैली को ध्यान में रखकर उपचार योजना तैयार की जाती है।


### आम सूचना

जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने हेतु प्रजापति सुशीला (पुत्री : सोहन लाल, जाति : प्रजापति) द्वारा दिया गया है। वह कालिंजर, ब्यावर की निवासी हैं। इसमें उनकी जन्म तिथि 1-1-1993, जन्म स्थान कालिंजर और शिक्षा 'अनपढ़' घोषित की गई है। यह 23 मार्च 2026 को सत्यापित है।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स चारभुजा ग्रेनाइट्स, रजिस्टर्ड पता G1-53 VI Phase, RIICO Industrial Area, Kishangarh, Ajmer, Rajasthan - 305801 एक भागीदारी फर्म है। जो दिनांक 01 जनवरी 2026 को बनायीं, जिसका फर्म पंजीयन नंबर RF/AJM/2026/98 दिनांक 09-01-2026 है। उक्त फर्म में वर्तमान में निम्न साझेदार है- 1.) श्री पवन कुमार चौहान पुत्र श्री मोहन लाल चौहान, 2.) श्री महेंद्र सिंह पुत्र श्री बजरंग सिंह, 3.) श्री संजय कुमार राठोड़िया पुत्र श्री दयाशंकर राठोड़िया, 4.) श्री रामगोपाल पुत्र श्री रतना

उक्त भागेदारी फर्म में श्री महेंद्र सिंह पुत्र श्री बजरंग सिंह दिनांक 31 मार्च 2026 को सभी साझेदारो की आपसी सहमति से सेवानिवृत हो गए। उक्त फर्म से निम्न साझेदार व्यापार आगे जारी रखेंगे- 1) श्री पवन कुमार चौहान पुत्र श्री मोहन लाल चौहान, 2) श्री संजय कुमार राठोड़िया पुत्र श्री दयाशंकर राठोड़िया, 3) रामगोपाल पुत्र श्री रतना (लाभ हानि अनुपात 33.34 : 33.33 : 33.33)

अत: उक्त सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति एतराज होतो प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में उपरोक्त पते एवं रजिस्ट्रार ऑफ़ फर्म्स जिला उद्योग केंद्र अजमेर पर एतराज मय सबूत प्रस्तुत करे। बादमें मियाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

धन्यवाद

श्री पवन कुमार चौहान-साझेदार

मैसर्स चारभुजा ग्रेनाइट्स


## गर्मजोशी के साथ मनाया पीसीसी सत्येश शर्मा का जन्मदिन



**बूंदी,( हुक्मनामा समाचार )।** कांग्रेस नेता पीसीसी सदस्य एवं चैयरमेन दी बूंदी अरबन कोऑपरेटिव बैंक जन्मदिवस के अवसर पर सभी ने गर्मजोशी से शर्मा का जन्मदिन मनाया। सत्येश शर्मा के जन्मदिन की शुरुआत बड़ा रामद्वारा नैनवा रोड स्थित गौशाला में पहुंचकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं अन्य संगठनों के लोगों के साथ गौ माता पूजन किया और गौ माता को 1 ट्राली हरा चारा और लड्डू खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया। सत्येश शर्मा के शहर के मुख्य स्थानों पर युवाओं ने गर्मजोशी के साथ केक कटवाकर जन्मदिन मनाया। सत्येश शर्मा के नैनवा रोड स्थित आवास पर प्रात: काल से ही सभी संगठनों, संस्थाओं राजनीतिको, पदाधिकारी एवं अन्य सभी लोगों का बधाई का क्रम चलता रहा। आवास पर लोगों का भारी संख्या में ताता लगा रहा। आने वाले सभी कार्यकर्ताओं ने शर्मा का मुह मीठा करवाते हुए बड़ा हार व माला पहनाकर भव्य स्वागत सत्कार किया।

## पिड़ावा में इंसानियत शर्मसार: 8 साल के मासूम को टॉफी का लालच देकर निर्माणाधीन मकान में ले गया दरिंदा; किया कुकर्म




**पिड़ावा,( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में एक मासूम बालक के साथ हुई अत्यंत घिनौनी और अमानवीय घटना का मामला सामने आया है। यहाँ एक कलयुगी दरिंदे ने महज 8 वर्ष के अबोध बालक को अपनी हवस और क्रूरता का शिकार बनाया। पिड़ावा पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित एक्शन लिया और आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। टॉफी का लालच देकर सूनसान मकान में ले गया आरोपी: पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह शर्मनाक घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे घटित हुई। पीड़ित मासूम बालक अपने घर के पास ही खेल रहा था। इसी दौरान वहां ताक लगाए बैठे एक युवक ने मासूम को अपनी ओर बुलाया। आरोपी ने बच्चे की मासूमियत का फायदा उठाते हुए उसे 'टॉफी' दिलाने का लालच दिया। अबोध बच्चा दरिंदे की इस गंदी नीयत को समझ नहीं पाया और उसके साथ चला गया। आरोपी उसे बहला-फुसलाकर पास में ही बने एक सूनसान निर्माणाधीन मकान के भीतर ले गया। मकान के भीतर किया घिनौना कृत्य, लोगों को हुआ संदेह: आरोप है कि उस सूनसान निर्माणाधीन मकान के सन्नाटे का फायदा उठाकर युवक ने 8 वर्षीय बालक के साथ जबरन अनैतिक कृत्य (दुष्कर्म) किया। कुछ देर बाद जब आसपास के स्थानीय लोगों ने उस युवक और बच्चे को संदिग्ध अवस्था में निर्माणाधीन मकान से एक साथ बाहर निकलते देखा, तो उन्हें गहरा संदेह हुआ। सजग नागरिकों ने जब बच्चे को डरा-सहमा देखा तो उससे प्यार से पूछताछ की। लोगों की पूछताछ और हिम्मत देने पर सहमे हुए बालक ने रोते हुए अपने साथ हुई पूरी आपबीती बताई। इसके बाद घटना की जानकारी तुरंत बच्चे के परिजनों को दी गई, जिसे सुनकर माता-पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। परिजनों ने बिना वक्त गंवाए सीधे पिड़ावा थाने पहुँचकर पुलिस को पूरे मामले से अवगत कराया और आरोपी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की लिखित मांग की। मासूम बच्चे से कुकर्म की सूचना मिलते ही पिड़ावा पुलिस अमले में हड़कंप मच गया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थानाधिकारी रामपाल यादव ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया। थानाधिकारी रामपाल यादव ने बताया कि पीड़ित बालक के पिता की लिखित रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।


राजस्थान सरकार

### कार्यालय नगर पालिका मसूदा (ब्यावर) राज.

पता-गांधी चौक गढ़ के पास, मसूदा

Email : nagarpalikamasuda@gmail.com

क्रमांक:न.पा.म./भूमि/2025/SP-1 दिनांक : 27.05.2026

### आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में आवेदक श्री जयसिंह पुत्र श्री अमरसिंह जाति रावत निवासी मसूदा व श्रीमती सुशीला पत्नी नेमीचन्द जाति जैन निवासी ब्यावर ने का 69-ए के तहत पट्टे हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | क्षेत्र | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री जयसिंह पुत्र श्री अमरसिंह मसूदा | सिंदलों का मौहल्ला मसूदा में स्थित है | 181.92 वर्गमीटर |
| 2. | श्रीमती सुशीला पत्नी नेमीचन्द निवासी ब्यावर | बांन्दवाड़ा रोड मसूदा | 7485.00 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी

नगर पालिका, मसूदा

# नौतपा में मौसम का यू-टर्न : अंधड़ से दिन में छाया अंधेरा, डीडवाना सहित कई जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश भर में 25 मई से शुरू हुए नौतपा के बीच मौसम ने पूरी तरह से करवट बदल ली है। शुरुआती दिनों में भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू से जहां आम जनजीवन बेहाल था, वहीं पिछले दो दिनों से आए अचानक बदलाव ने लोगों को हैरत में डाल दिया है। डीडवाना जिले सहित पूरे राजस्थान में तेज धूल भरी आंधियों और मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। शनिवार, 30 मई को दोपहर होते-होते आसमान में धूल का ऐसा भयंकर गुब्बारा छाया कि दिन में ही रात जैसा नजारा हो गया। इसके चलते सड़कों पर वाहनों को अपनी हेडलाइट्स जलानी पड़ीं और लोग जहां-तहां सुरक्षित ठिकानों की तलाश करते नजर आए। **80 किमी/घंटा की रफ्तार से अंधड़ की चेतावनी** मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर द्वारा जारी की गई तात्कालिक चेतावनी के अनुसार, डीडवाना-कुचामन, नागौर, बीकानेर, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, जयपुर, फलोदी, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन क्षेत्रों में अत्यंत तीव्र मेघगर्जन के साथ 80 किलोमीटर प्रति घंटा से भी अधिक की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, धूल भरी आंधी आने, वज्रपात (आकाशीय बिजली) गिरने और ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। **तापमान में गिरावट से राहत, लेकिन आफत भी साथ** गौरतलब है कि 29 मई की दोपहर से ही मौसम का मिजाज अचानक बदला था, जिसके बाद शाम को जिले के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई थी। शनिवार को भी सुबह से ही धूल का बवंडर आसमान में तैरता रहा, जिससे लोगों का दैनिक जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया। हालांकि, इस अंधड़ और बारिश के चलते पिछले कई दिनों से रिकॉर्ड तोड़ रहे पारे में भारी गिरावट आई है, जिससे आम जनता को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। लेकिन इसके साथ ही तेज हवाओं ने प्रशासनिक और जन-सुविधाओं के स्तर पर परेशानी भी खड़ी कर दी है। **मौसम विभाग की आमजन से अपील और गाइडलाइंस** रेड अलर्ट को देखते हुए मौसम विभाग ने संभावित प्रभावों को लेकर एडवाइजरी जारी की है।तेज हवाओं के कारण बड़े पेड़, बिजली के खंभे, सोलर पैनल,



होर्डिंग्स और कमजोर छप्पर या कच्चे मकानों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। इसके अलावा दृश्यता कम होने और फसलों को नुकसान होने की आशंका है। मेघगर्जन और अंधड़ के समय आमजन किसी सुरक्षित पक्के स्थान पर शरण लें। पेड़ों के नीचे या कमजोर दीवारों के पास खड़े न हों।वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, आकाशीय बिजली के खतरे को देखते हुए घरों में बिजली के उपकरणों के प्लग हटा देने और धातुओं से बनी वस्तुओं व पानी के नलों को न छूने की सलाह दी गई है। यह नौतपा आगामी 2 जून तक चलने वाला है, लेकिन मौसम के इस अप्रत्याशित रूप ने प्रशासन को भी अलर्ट मोड़ पर ला दिया है।

## शेयर ट्रेडिंग में 27 लाख की साइबर ठगी जेल में बंद आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ में भारी मुनाफे का झांसा देकर करीब 27 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के खिलाफ साइबर थाना पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। मामले में पुलिस ने एक और आरोपी देवांश शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले से एक हत्या के मामले में जेल में बंद था, जिसे प्रोडक्शन वारंट के जरिए हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार ठगी की शुरुआत एक व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से हुई, जहां पीड़ित को शेयर बाजार और आईपीओ में सुरक्षित निवेश कर कम समय में अधिक लाभ कमाने का भरोसा दिलाया गया। आरोपियों ने स्वयं को अधिकृत निवेश सलाहकार बताते हुए एक प्रतिष्ठित कंपनी से मिलता-जुलता ऑनलाइन प्लेटफॉर्म दिखाया और निवेश पर आकर्षक रिटर्न का लालच दिया। झांसे में आए पीड़ित और उसके परिवार के सदस्यों से अलग-अलग बैंक खातों में चरणबद्ध तरीके से बड़ी राशि जमा करवाई गई। जांच में सामने आया कि करीब एक माह के दौरान कुल 26 लाख 98 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराए गए। रकम जमा होने के बावजूद आरोपियों द्वारा लगातार अतिरिक्त निवेश और भुगतान का दबाव बनाया जाता रहा। जब पीड़ित को पूरे मामले पर संदेह हुआ तो उसने साइबर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तकनीकी जांच शुरू की और गिरोह से जुड़े लोगों की पहचान की।

## ऊर्जा मंत्री ने निजी बिजली कंपनी के अधिकारियों को फटकारा बोले - शहर से बेहतर गांव का सिस्टम 10 बार तो मेरी ही लाइट चली गई

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट ने कोटा में लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. बार-बार ट्रिपिंग और घंटों बिजली गुल रहने से नागरिक परेशान हैं।

इसी समस्या को लेकर शनिवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने खुद मोर्चा संभाल लिया. जनसुनवाई के दौरान लगातार आ रही शिकायतों से नाराज होकर उन्होंने कोटा की निजी बिजली कंपनी के सीईओ और तकनीकी प्रमुख को अपने आवास पर बुलाया और जमकर फटकार लगाई. मंत्री ने कहा कि सुबह से ही उनके घर में 10 बार बिजली ट्रिप हो चुकी है. उन्होंने शहर से बेहतर गांव का बिजली तंत्र बताते हुए पर असंवेदनशीलता का आरोप लगाया. नागर ने चेतावनी दी कि अगर दो महीने में व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सरकार सख्त निर्णय लेगी. उन्होंने कंपनी पर उपभोक्ताओं को बाउंसरों से धमकाने और अवैध सेटलमेंट करने के भी आरोप लगाए. ञ्चश्वष्ठरु को भीलवाड़ा मॉडल का अध्ययन करने और एआई-आधारित तकनीक अपनाने के निर्देश दिए. मंत्री नागर ने के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष अरोड़ा और टेक्निकल हेड वेंकटेशन कोड़ी को उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने और बिजली तंत्र को तुरंत सुदृढ़ करने की हिदायत दी. उन्होंने कहा कि कोटा शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों का बिजली प्रबंधन कहीं अधिक बेहतर है. ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर नए जीएसएस बन रहे हैं, जबकि शहरी क्षेत्र में लोड के अनुपात में बुनियादी ढांचे



का विस्तार नगण्य है. आंधी-तूफान आने पर जहां ग्रामीण क्षेत्रों में रातों-रात फॉल्ट ठीक कर आपूर्ति बहाल कर देता है, वहीं कोटा शहर में घंटों बिजली गुल रहती है. उन्होंने भीलवाड़ा और बांसवाड़ा के बिजली मॉडल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां लाइनमैन बिना शटडाउन लिए चालू लाइन पर काम कर लेते हैं, जबकि कोटा में छोटे-छोटे घरेलू कनेक्शनों के लिए भी लंबा शटडाउन लिया जा रहा है. उन्होंने को भीलवाड़ा मॉडल का अध्ययन कर उसे लागू करने के निर्देश दिए. साथ ही रोजाना होने वाली ट्रिपिंग, फॉल्ट, शटडाउन और जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने की विस्तृत दैनिक रिपोर्ट सरकार को सौंपने के आदेश जारी किए।

### एक रात में खाली हो गए खाते, साइबर ठगों ने उड़ाए ढाई लाख रुपये

## यूपीआई से हुए संदिग्ध ट्रांजेक्शन पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**बिजोलिया (हुक्मनामा समाचार)।** मोबाइल पर आए ट्रांजेक्शन अलर्ट ने एक परिवार की नींद उड़ा दी। जब तक खाते की जांच की गई, तब तक साइबर ठग बैंक खाते से लाखों रुपये पार कर चुके थे। बिजौलिया में साइबर ठगी का ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां अज्ञात साइबर अपराधियों ने एक युवक और उसकी माता के खातों से करीब 2.53 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा से कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार बिजौलिया निवासी रमेश खटीक ने पुलिस अधीक्षक को दिए परिवाद में बताया कि 27 मई की रात उसके बैंक खाते से यूपीआई के जरिए लगातार कई ट्रांजेक्शन किए गए। हैरानी की बात यह रही कि खाते से रकम निकलती रही और पीड़ित को इसकी भनक तक नहीं लगी। बाद में बैंक स्टेटमेंट की जांच करने पर धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। पीड़ित के मुताबिक खाते से सबसे पहले क्विकसिल्वर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन किए गए। इसके बाद ब्लिंकिट सहित अन्य खातों और माध्यमों में भी रकम ट्रांसफर की गई। कुछ ही देर में खाते से कुल 2 लाख 45 हजार 943 रुपये निकाल लिए गए। ठगों का हौसला इतना बढ़ा हुआ था कि उन्होंने परिवार के दूसरे खाते को भी नहीं छोड़ा। रमेश की माता कांती देवी खटीक के बैंक खाते से भी 7 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन कर लिया गया। इस तरह दोनों खातों से कुल 2 लाख 52 हजार 943 रुपये की राशि साइबर अपराधियों के हाथ लग गई। पीड़ित का कहना है कि उसने या उसकी माता ने इनमें से कोई भी ट्रांजेक्शन नहीं किया। ऐसे में आशंका है कि साइबर ठगों ने किसी लिंक, ओटीपी, यूपीआई या अन्य डिजिटल माध्यम का दुरुपयोग कर बैंक खातों तक पहुंच बनाई और वारदात को अंजाम दिया। रमेश खटीक ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि संदिग्ध खातों, यूपीआई आईडी और ट्रांजेक्शन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पहचान कर उनके खातों को तत्काल फ्रीज किया जाए। साथ ही बैंक और पेमेंट गेटवे से पूरी जानकारी जुटाकर साइबर ठगों के नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाए तथा निकाली गई राशि वापस दिलाई जाए। पीड़ित ने शिकायत के साथ बैंक स्टेटमेंट और अन्य दस्तावेज भी प्रस्तुत किए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों के बीच साइबर सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## अड़वड़ में सड़क निर्माण की खामी बनी परेशानी आम रास्ते पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम अड़वड़ के मेघवालों के मोहल्ले में सड़क निर्माण की तकनीकी खामी ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। मोहल्ले के आम रास्ते पर बने गहरे गड्ढे और लगातार जलभराव से लोगों



को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की निकासी वाले हिस्से के आगे सीसी ब्लॉक निर्माण के दौरान सड़क को करीब दो फीट ऊंचा कर दिया गया। इससे आगे का पानी रुकने लगा और रास्ते पर गहरा गड्ढा बन गया, जिसमें हमेशा पानी भरा रहता है। इस कारण रास्ते पर कीचड़ और गंदगी फैल गई है। ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग केवल एक मोहल्ले तक सीमित नहीं है, बल्कि गांव के विभिन्न समाजों के लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। रोजाना स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन जलभराव और कीचड़ के कारण उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार राहगीर फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि आगामी बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। रास्ते में गंदे पानी के जमा होने से मच्छरों के पनपने और मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ जाएगा। इस दौरान प्रहलादराम, बाबूलाल, सुखाराम, भंवरराम, प्रभुराम, सीताराम और राजाराम सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द तकनीकी खामी दूर कर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की।

## तेज आंधी-बारिश का कहर: खुनखुना में मुख्य सड़क पर टूटा 11 KV का विद्युत पोल, टला बड़ा हादसा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के नजदीकी ग्रामीण क्षेत्र खु खुनखुना में तेज आंशिक अंधड़ और मूसलाधार बारिश के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहाँ मुख्य सड़क पर अचानक 11 की हाईटेंशन लाइन का विद्युत पोल टूटकर गिर गया। पोल गिरने से इलाके में तेज धमाका हुआ, जिससे आसपास के ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे के बाद से पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है, वहीं मुख्य मार्ग पर पोल गिरने के कारण यातायात भी बाधित हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यह विद्युत पोल पिछले काफी समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में था। इसके टेढ़े होने और दुर्घटना की आशंका को लेकर पूर्व में भी कई बार डिस्कॉम (विद्युत विभाग) के अधिकारियों को सूचित किया गया था। लेकिन विभाग ने समय रहते इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, जिसके चलते आज यह पोल भरभरा कर बीच सड़क पर आ गिरा।गनीमत यह रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय सड़क पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार हादसे के वक्त वहाँ से 1-2 गोवंश (मवेशी) गुजर रहे थे, जो बिजली के तारों की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए।

## संस्कार, योग और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ बाल संस्कार शिविर का समापन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** मीरा शाखा भारत विकास परिषद एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन समारोह शुक्रवार को उत्साह, उमंग और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संस्कार, योग और देशप्रेम का प्रेरक संदेश दिया। समापन समारोह का शुभारंभ भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी की अध्यक्षता तथा पतंजलि योगपीठ के संरक्षक भूपेंद्र मोगरा एवं भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी एवं महिला पतंजलि समिति के संरक्षक गोविंद सोडानी की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् गायन और गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हुआ। इस दौरान मीरा शाखा की मातृशक्तियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में माधवी सेन ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों की खूब वाहवाही बटोरी। वहीं सुनीता गवारिया के निर्देशन में बच्चों द्वारा प्रस्तुत योगासन आधारित नृत्य समारोह का मुख्य आकर्षण रहा। बच्चों की अनुशासित एवं प्रभावशाली प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह के दौरान अतिथियों का स्वागत स्मृति स्वरूप पौधे भेंट कर किया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले ये पौधे मीरा शाखा की पर्यावरण प्रभारी मधु डाड द्वारा तैयार किए गए थे। इस पहल को सभी ने सराहनीय बताया। नीरा मेहता ने शिविर की दस दिवसीय गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न सांस्कृतिक, योग, नैतिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम



आयोजित किए गए। शिविर में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अनिता जैन ने किया, जबकि मीरा शाखा की सचिव नीलकमल अजमेरा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# एक नजर

## भीषण गर्मी में पेयजल संकट नहीं होने देंगे, जलापूर्ति व्यवस्था पर रखें सतत निगरानी : विधायक कोठारी

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय



में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) एवं चंबल परियोजना के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधानसभा क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक कोठारी ने अधिकारियों से कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए तथा जल वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी इलाके में जलापूर्ति संबंधी समस्या सामने आती है तो उसका त्वरित समाधान किया जाए, ताकि आम नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान विधायक ने राज्य सरकार के वंदे गंगा जल जन अभियान का उल्लेख करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र के प्राचीन जलाशयों, बावड़ियों एवं कुओं के संरक्षण और उपयोग को लेकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इन पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन कर उन्हें आमजन के लिए उपयोगी बनाया जा सकता है, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को भी राहत मिलेगी। उन्होंने जल प्रबंधन को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि वर्षा जल संचयन और पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के भी प्रयास किए जाने चाहिए। इससे भविष्य में जल संकट की संभावनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकेगा। बैठक में चंबल परियोजना के अधीक्षण अभियंता विनोद गर्ग, अधिशाषी अभियंता महेश नरानिया, अधीक्षण अभियंता किशन खोईवाल, सहायक अभियंता दिलराज मीणा, कनिष्ठ अभियंता श्रीराम मीणा, सहायक अभियंता प्रेम जीनगर, कनिष्ठ अभियंता हरीश मीणा, सुरेश सालवी, विजय सिंह खटाना एवं नरेश गुर्जर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खनिज माफियाओं पर बारां पुलिस का बड़ा प्रहार, 42 वाहन-मशीनें जब्त

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में अवैध बजरी और खनिज खनन के खिलाफ बारां पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 पोकलेन मशीनें, 5 जेसीबी, 29 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 डम्पर, 1 मोटरसाइकिल और 2 नावें सहित कुल 42 वाहन-मशीनें जब्त की हैं। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. कमल कुमार की निगरानी में गठित चार विशेष टीमों ने मांगरोल, किशनगंज और सीसवाली क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। पार्वती नदी के मुण्डिया, बालुन्दा और सुरताक घाटों पर अवैध खनन करते वाहन पकड़े गए। किशनगंज में भी अवैध खनन पर कार्रवाई की गई, जबकि सीसवाली के पापड़ली गांव में अवैध बजरी स्टॉक पर ?29,600 का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट खनन एवं परिवहन विभाग को भेज दी है।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र: उदयपुर पुलिस ने होटल पर मारा छापा, 4 तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उदयपुर पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत वल्लभनगर स्थित श्रीराम होटल पर छापेमारी कर चार अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध ऑटोमेटिक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, 22 ग्राम अफीम तथा फर्जी नंबर प्लेट लगी स्विफ्ट कार बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में बाड़मेर के मोहनलाल उर्फ मुन्ना और हुकमाराम सारण तथा पंजाब के जसविंदर सिंह और कुलदीप सिंह शामिल हैं। जांच में सामने आया कि आरोपी डोडा चूरा की बड़ी खेप के सौदे से जुड़े थे। कार्रवाई के दौरान होटल संचालक राजेश मेनारिया के पास से 20.44 लाख रुपये नकद और भूमि संबंधी दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज कर तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

## बाड़मेर पुलिस का डबल एक्शन हथियार तस्कर और साइबर ठगों के मददगार गिरफ्तार

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** बाड़मेर पुलिस ने अवैध हथियारों और साइबर अपराध के खिलाफ दो बड़ी कार्रवाइयों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने महाबार पुलिया बाईपास पर नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध क्रेटा कार का पीछा कर जयसिंह राजपूत और प्रवीणसिंह राजपूत को दबोचा। तलाशी में उनके कब्जे से दो अवैध पिस्टल, मैग्जीन और एक जिंदा कारतूस बरामद कर वाहन जब्त किया गया। गिरफ्तार जयसिंह हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, 'ऑपरेशन म्यूल हंटर' के तहत बाड़मेर ग्रामीण पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तीन युवकों—प्रकाश मेघवाल, शंकरराम मेघवाल और रमेश कुमार जाट—को गिरफ्तार किया। आरोपी मामूली कमीशन के बदले अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक और सिम कार्ड साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

## ठाकुर बाबा की बगीची में उमड़ा जनसैलाब, दो दिवसीय निशुल्क होम्योपैथिक शिविर में 293 मरीजों ने उठाया लाभ

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** ठाकुर बाबा की बगीची, कलिंजरी द्वार में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक एवं जनकल्याणकारी समापन हुआ। शिविर में क्षेत्रभर से आए 293 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर



उन्हें निशुल्क परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में मरीजों ने इसका लाभ उठाया। ठाकुर बाबा मंदिर के पुजारी कैलाश धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। शिविर में रोगियों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श के साथ निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं, जिससे आमजन को काफी राहत मिली। शिविर प्रभारी डॉ. गोविंद साहू ने बताया कि शिविर में उदर रोग, त्वचा संबंधी बीमारियां, जोड़ों का दर्द, एलर्जिक जुकाम, गुर्दे की पथरी, मौसमी रोगों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का होम्योपैथिक पद्धति से उपचार किया गया। साथ ही मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, रोगों की रोकथाम तथा मौसमजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी प्रदान की गई।

राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन का नवम महाधिवेशन

अमृत 2.0 के तहत प्रदेश में चल रहे 11 हजार 560 करोड़ के काम

# ईमानदारी और पारदर्शिता ही सुशासन की पहचान-भजनलाल शर्मा

## भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहें कार्मिक, जन सेवा को बनाएं ध्येय



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने में कार्मिकों की अहम भूमिका है। ईमानदारी और पारदर्शिता से किया गया कार्य ही सुशासन की पहचान बनता है। इसलिए जनता को समय पर सेवाएं देकर कार्य संस्कृति को मजबूत बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्मिक अपनी सेवा में पूर्ण शुचिता को अपनाएं और भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहकर जन सेवा के ध्येय को और अधिक मजबूत बनाएं। मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर के आरआईसी में आयोजित राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' के मूलमंत्र पर चलते हुए हमने 103 अधिकारियों को निलंबित किया है, 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 अन्य प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाएं शहर की पहचान होती हैं।प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में नगरपालिका कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो हर समय जनता की सेवा में जुटे रहते हैं।उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त किया, वहीं 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में उदयपुर 13वें स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश के शहरों को स्वच्छता में देश में अग्रणी बनाने के लक्ष्य के साथ काम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन की पहल देश में आज जन आंदोलन बन चुकी है। इस अभियान के माध्यम से लोगों की स्वच्छता की आदतों में बदलाव आया है। वहीं, घर-घर में शौचालय बनवाकर हमारी माता-बहनों के जीवन को एक गरिमा प्रदान की गई है। साथ ही, शहरों में अच्छे बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट सिटी मिशन प्रारंभ किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने किया कर्मचारी कल्याण स्मारिका का विमोचन



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में जल संचय-जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सशक्त बनाने के क्रम में राज्य में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसके साथ ही हमारी सरकार ने हरियालो राजस्थान अभियान में अभी तक प्रदेशभर में लगभग 20 करोड़ पौधे लगाए हैं औरइस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार चंदन वन भी विकासित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से ऊर्जा की बचत और मितव्ययिता को अपनाने का आह्वान किया है, जिसमें हम सभी अपना सहयोग दे रहे हैं। मुख्यमंत्री कहा कि राज्य सरकार तकनीक, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ते हुए स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहरों के निर्माण के लिए कार्य कर रही है।

## सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

### 27 अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में शनिवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। विभागीय आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव राकेश शर्मा द्वारा जारी आदेशों के तहत विभाग के 27 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण और पदस्थापन किए गए हैं।

यह बदलाव प्रशासनिक कारणों से तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, जनसंपर्क अधिकारी, सहायक जनसंपर्क अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा वरिष्ठ सहायकों के स्तर पर व्यापक बदलाव किए गए हैं। इस फेरबदल में कई अधिकारियों को मुख्यालय, मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, राजस्थान संवाद, पुलिस मुख्यालय, सूचना केंद्र तथा विभिन्न विभागों और जिला कार्यालयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्थानांतरण सूची में प्रमुख रूप से रजनीश शर्मा को साहित्य शाखा से क्षेत्र प्रचार शाखा, तरुण जैन को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ, ओटाराम चौधरी को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा विजय खंडेलवाल को मुख्यालय स्थित ईएनजी शाखा में पदस्थापित किया गया है। वहीं पूनम खंडेलवाल को मुख्यमंत्री जनसंपर्क प्रकोष्ठ से सोशल मीडिया शाखा और हेत प्रकाश शर्मा को राजस्थान संवाद में जिम्मेदारी दी गई है।



## डोटासरा और टीकाराम जूली ने फारकिया गांव में 120 श्रमिकों के साथ किया कार्य

### सुनीं मजदूरों की समस्याएं

**अजमेर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिकर्ष के नेता टीकाराम जूली ने शनिवार सुबह अजमेर जिले के फारकिया गांव में मनरेगा कार्यस्थल पर श्रमिकों के साथ श्रमदान कर मजदूरों की समस्याएं सुनीं। कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के साथ गांव कानपुरा में रात्रि विश्राम के बाद डोटासरा सुबह फारकिया पहुंचे, जहां उन्होंने करीब 120 मनरेगा श्रमिकों के साथ काम किया और उनके जीवन, संघर्ष तथा आजीविका से जुड़े मुद्दों पर संवाद किया। डोटासरा ने कहा कि श्रमिकों के हाथों के छाले केवल मेहनत का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि देश के निर्माण और विकास की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मजदूर अपने श्रम से गांव, समाज और देश का भविष्य गढ़ते हैं और उनके योगदान को सम्मान मिलना चाहिए। मनरेगा कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों से बातचीत करते हुए डोटासरा ने उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी आवाज को कांग्रेस पार्टी हर मंच पर मजबूती से उठाएगी और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।



भीषण सड़क हादसा

## ट्रक और ऑल्टो की टक्कर, 4 लोगों की मौत

**नागौर ( हुक्मनामा समाचार )।** रिंग रोड पर बासनी पुलिया के पास शनिवार को कार और ट्रक की टक्कर में कार सवार 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. बेकाबू ट्रक और ऑल्टो कार की आमने-सामने की टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. हादसे में कार सवार दो महिलाओं, एक पुरुष और एक बच्चे की मौत हो गई. मृतकों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है, लेकिन उनके जोधपुर के होने की आशंका जताई जा रही है। सदर थाना एसएचओ सुरेश कंस्वा ने बताया कि हादसे में कार सवार चारों लोगों की मौत हो चुकी है. सभी के शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है. मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है, हुलिए और नंबरों के आधार पर उनके जोधपुर निवासी होने की संभावना है।

## अलवर में सवारियों से भरी रोडवेज बस पलटी, कई यात्री हुए घायल

**अलवर ( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत धर्मपुरा गांव में एक रोडवेज बस अनियंत्रित होकर पलट गई. दुर्घटना में कई यात्री घायल हो गए. घटना की सूचना पर अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अलवर जिला अस्पताल भिजवाया. दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस अलवर से जयपुर की ओर जा रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि शनिवार को अकबरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बस पलटने की सूचना मिली. तुरंत अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला।

प्रदेश में डी–रेग्यूलेशन फेज–1 की मासिक प्रगति रिपोर्ट जारी

# राजस्थान में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का बढ़ता ग्राफ

## राज निवेश पोर्टल पर एक माह में 6 हजार 103 आवेदनों को त्वरित मंजूरी

*आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी बढ़ रहा निवेशकों का रूझान*

*मुख्यसचिव कार्यालय के स्तर से हो रही है 'डी–रेग्यूलेशन फेज–1' की सघन मॉनिटरिंग*

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देते हुए 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' के तहत विकसित राजस्थान और राइजिंग राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। राज निवेश पोर्टल एवं निरंतर सुधारात्मक प्रयासों के जरिए प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के तौर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है।

मुख्य सचिव कार्यालय के तहत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा जारी अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में राज निवेश पोर्टल पर 67.7 प्रतिशत की स्वीकृति दर से प्राप्त 9 हजार 10 आवेदनों में से 6 हजार 103 की स्वीकृति के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान प्रदेश में जयपुर जिले का प्रदर्शन सबसे अव्वल रहा है।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं के सरलीकरण, आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे है, जिनके अनवरत सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज निवेश पोर्टल के माध्यम से राज्य के प्रमुख निवेश केंद्रों के साथ-साथ छोटे जिलों में भी व्यापक स्तर पर प्रकरणों का निस्तारण और स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। 'इंवेस्टर फ्रैंडली एप्रोच' के साथ सतत संपर्क, समन्वय और विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन की बदौलत राजस्थान 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' में अनवरत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव कार्यालय के अंतर्गत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा तैयार प्रदेश में निवेश प्रस्तावों के संदर्भ में मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है।

**प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ा निवेशकों का रूझान**–रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल माह में प्रदेश में आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी विभिन्न जिलों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो राजस्थान में क्षेत्रीय विविधीकरण तथा निवेश अवसरों के विस्तार का संकेत है। सेक्टरवाइज प्रगति को देखा जाए तो पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में सर्वाधिक प्रस्तावित निवेश दर्ज किया गया, जिसमें जयपुर, उदयपुर, पाली, राजसमंद, सीकर एवं अन्य जिलों का प्रमुख योगदान रहा। इसके अतिरिक्त अलवर एवं कोटपूतली-बहरोड़ में इंजीनियरिंग, विभिन्न जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा, अजमेर एवं भीलवाड़ा में वेस्ट मैनेजमेंट तथा जोधपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र में भी निवेश रुचि परिलक्षित हुई।

### प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों की उल्लेखनीय सहभागिता

प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में राज्य में कुल आवेदन एवं स्वीकृतियों में जयपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य स्तरीय प्रगति में राज निवेश पोर्टल पर कुल 9 हजार 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6 हजार 103 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस प्रकार माह के दौरान प्रदेश की स्वीकृति दर 67.7 प्रतिशत रही। जिला-वार प्रदर्शन में जयपुर अग्रणी जिला रहा, जहां 1 हजार 932 आवेदन प्राप्त हुए तथा 1 हजार 351 आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त जोधपुर, सीकर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, हनुमानगढ़, अलवर, चूरू और भीलवाड़ा जैसे प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों ने भी राज निवेश पोर्टल पर उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज की है। इसके अतिरिक्त प्रमुख जिलों में कोटा और हनुमानगढ़ में उच्च निस्तारण दक्षता प्रदर्शित करते हुए क्रमशः लगभग 83.8 प्रतिशत और 82.5 प्रतिशत की स्वीकृति दर की उपलब्धि हासिल की है। वहीं बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, टोंक, उदयपुर और जालोर जिलों में 70 प्रतिशत से अधिक स्वीकृति दर दर्ज की गई, जो जिलों की प्रशासनिक दक्षता तथा सेवा वितरण में सुधार को रेखांकित करती है।

## डूंगरपुर में पकड़ा गया 1.74 करोड़ का अवैध सोना

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस विभाग की जिला विशेष टीम (डीएसटी) और बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे-48 पर सोने की तस्करी के खिलाफ एक बहुत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान एक कार से 1 किलो 77 ग्राम और 840 मिलीग्राम अवैध सोना जब्त किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत करीब 1 करोड़ 74 लाख 50 हजार रुपए आंकी जा रही है। पुलिस ने इस मामले में कार सवार तीन युवकों को डिटेन किया है। डूंगरपुर जिले के एसपी मनीष कुमार ने बताया कि डीएसटी को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के बाद एनएच-48 पर स्थित लेहना घाटी में नाकेबंदी की गई थी।

## तीन जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे डीके शिवकुमार



**बेंगलुरु।** कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने शनिवार को घोषणा की कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार 3 जून को कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह बेंगलुरु स्थित लोक भवन के ग्लास हाउस में आयोजित किया जाएगा। यह घोषणा शनिवार शाम 4 बजे होने वाली कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक से पहले की गई। पार्टी कार्यालय में आयोजित संयुक्त आपात प्रेस वार्ता में केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद जी. सी. चंद्रशेखर ने कहा कि पार्टी ने समारोह को सादगीपूर्ण रखने और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने का निर्णय लिया है।



## विनेश फोगाट ने करीबी मुकाबले में निशु को 7-6 से हराया

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट ने शनिवार को नई दिल्ली में एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। विनेश ने एक कड़े क्वार्टरफाइनल में निशु को 7-6 से हराया। विश्व चैंपियनशिप की पूर्व पदक विजेता को अपने क्वार्टरफाइनल में निशु के रूप में एक ज्यादा कड़े प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा। अपने पहले मैच के विपरीत, यह मुकाबला शुरू से आखिर तक कांटे का रहा।

## राजस्थान-किसानों ने रेलवे ट्रैक रोका, गेहूं खरीद को लेकर आंदोलन

**हनुमानगढ़ ( हुक्मनामा समाचार )।** हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में शनिवार को किसानों का आंदोलन उग्र हो गया। हजारों किसान करीब एक घंटे तक बीकानेर-हनुमानगढ़ ट्रैक पर बैठे रहे। दोपहर में प्रशासन से सहमति के बाद किसानों ने आंदोलन स्थगित कर दिया। दरअसल, गेहूं खरीद की तारीख बढ़ाने और लक्ष्य बढ़ाने की मांग को लेकर 2 दिन से किसान आंदोलन पर थे। वे उपखंड अधिकारी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए थे।

## सराहनीय सेवाओं के लिए 123 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को मिलेगा डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति रोल



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** पुलिस मुख्यालय ने अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, प्रशासन, खुफिया कार्यों, साइबर अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन तथा उत्कृष्ट पुलिसिंग में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 123 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को 'महानिदेशक पुलिस डिस्क एवं प्रशस्ति रोल' प्रदान करने की घोषणा की है। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा द्वारा जारी आदेश में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्तर से लेकर कांस्टेबल तक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पुलिस मुख्यालय के स्थायी आदेश 2/2016 के तहत यह सम्मान विभाग में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। चयन समिति की अनुशंसा पर विभिन्न रेंज, जिलों एवं इकाइयों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर इस वर्ष कुल 123 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का चयन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी (एडीजी, आईजी और डीआईजी रैंक) सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण एचजीआर सुहास, महानिरीक्षक पुलिस राजेंद्र सिंह (द्वितीय बार), राहुल प्रकाश (तृतीय बार), परिस देशमुख,

उप महानिरीक्षक पुलिस जय यादव (तृतीय बार), मनोज कुमार और शांतनु कुमार सिंह के नाम शामिल हैं, जिन्हें उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के लिए इस प्रतिष्ठित पदक से नवाजा जा रहा है।

**पुलिस निरीक्षक रैंक :** जमीनी स्तर पर थानों की कमान संभालने वाले और विभिन्न पुलिस विंग्स में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले समर्पित पुलिस निरीक्षकों की सूची में देवेन्द्र सिंह (द्वितीय बार), भुटाराम (द्वितीय बार), विष्णु शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, सरोज बैरवा, चन्द्रभान सिंह, दिनेश सारण, लक्ष्मी कराड़िया, मनोज चौहान, प्रभुनारायण मीणा, पवन कुमार चौबे (द्वितीय बार), रमेश कविया, बलवन्त राम, अशोक बिश्नोई और रमेश चंद आर्य के नाम समाहित हैं।

### पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उपायुक्त

फील्ड पुलिसिंग और जिला स्तर पर कप्तानी व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले अधिकारियों में सुमित मेहरडा, संजीव नैन, विकास सांगवान (तृतीय बार), अमित कुमार (द्वितीय बार), रतन सिंह, तेजस्वनी गौतम (तृतीय बार), बी. आदित्य, हरी शंकर, अनिल कुमार, दिगंत आनन्द (तृतीय बार), विशाल जांगिड और प्रवीण नायक नूनावत (द्वितीय बार) के नाम शामिल हैं, जिन्हें उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमताओं और बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीजीपी डिस्क प्रदान की जा रही है।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस उप अधीक्षक

**विधिक अनुसंधान, तकनीकी विंग और विभिन्न महत्वपूर्ण शाखाओं में प्रभावी कार्य करने वाले अधिकारियों में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त योगेश दाधीच, डॉ. राजीव पचार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल (द्वितीय बार), ललित किशोर शर्मा (द्वितीय बार), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीक्षा कामरा (तृतीय बार), अदिति कॉवत, भंवरलाल और सौरभ तिवारी के नाम शामिल हैं। इनके साथ ही सहायक पुलिस अधीक्षक अजेय सिंह राठौड, पंकज यादव, हरिशंकर शर्मा, सोन चन्द वर्मा, सहायक निदेशक अभियोजन भंवर कुलदीप राठौड, पुलिस उप अधीक्षक और वृत्ताधिकारी के रूप में डॉ0 पूनम, मनीष शर्मा, हर्षराज सिंह और राजावत प्रेम कुमार को भी इस सम्मान के लिए चुना गया है।**

### पंचायत समिति भैरून्दा में सहायक लेखा अधिकारी प्रथम गेनाराम चौधरी का सेवा निवृत्ति समारोह आयोजित

# गेनाराम चौधरी मिलन सार और उच्च व्यक्तित्व के धन्नीः नन्दकिशोर टाक

**भैरून्दा (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत समिति भैरून्दा कार्यालय में शुक्रवार को सहायक लेखा अधिकारी प्रथम गेनाराम चौधरी के सम्मान में सेवा निवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी ने अपने लंबे सेवाकाल में ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए एक आदर्श अधिकारी की पहचान बनाई। वे समय के पाबंद होने के साथ-साथ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे। उनकी कार्यशैली हमेशा प्रेरणादायक रही और उन्होंने अपने अनुभवों एवं व्यवहार से सहकर्मियों का मार्गदर्शन कर कार्यालयीन कार्यों को नई दिशा प्रदान की।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि सेवा केवल दायित्व निभाने का माध्यम नहीं होती, बल्कि समाज और संगठन के प्रति समर्पण का परिचायक भी होती है। चौधरी ने अपने पूरे कार्यकाल में इसी भावना को आत्मसात कर कार्य किया, जिसके कारण वे सभी के बीच सम्मान और स्नेह के पात्र बने रहे। इस अवसर पर ग्राम सेवक संघ द्वारा उन्हें एप्पल मोबाइल फोन भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि महिला कार्मिकों ने स्मृति स्वरूप आकर्षक फोटो फ्रेम प्रदान किया। अतिथियों एवं कर्मचारियों ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। समारोह में विकास अधिकारी भंवरलाल सिंघाड़िया, सहायक विकास अधिकारी नंदकिशोर टाक, सहायक लेखा अधिकारी सुखाराम नैण, कैलाश बोरानिया, सहायक अभियंता मुकेश पलसानिया, कनिष्ठ अभियंता निकिता माईच, लेखा सहायक कैलाशचंद सारस्वत, कनिष्ठ सहायक अशोक पाराशर, कनिष्ठ तकनीकी सहायक मुकेश यादव, श्यामल कुमार मंडल, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामावतार चौयल,



ऑपरेटर हरिराम सारण, हरिओम टेलर, रिछपाल सारण, मुकेश लाठड़ सहित ग्राम विकास अधिकारी संघ, कनिष्ठ सहायक संघ एवं पंचायत समिति भैरून्दा का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### रूवां में भाजपा किसान मोर्चा का महासम्मलेन आयोजित किया

# प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने कहा शिक्षा के साथ बच्चों को खेती करने पर जोर दे

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम रूवां में भाजपा किसान मोर्चा का महासम्मलेन व किसान की समस्या पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें अतिथि किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राजस्थान किसान आयोग अध्यक्ष सी. आर चौधरी नागौर, विधायक रेवन्ताराम डांगा खिवसर, विधायक लक्ष्मण मेघवाल मेड़ता सिटी, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह जोधा डीडवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनीता महेश्वरी डीडवाना, पूर्व प्रदेश महामंत्री जगवीर सिंह छाबा, किसान मोर्चा प्रभारी राजेन्द्र सिंह रावत अजमेर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्यामप्रताप सिंह डीडवाना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मदनलाल गोरा नागौर, भाजपा जिला महामंत्री रामाकिशन खिचड़ डीडवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष रामधन पाटोटिया नागौर, पूर्व जिला महामंत्री भंवरलाल रणवां, जिला उपाध्यक्ष धनराज पारासर नागौर, जिला महामंत्री बुद्धाराम गरवा नागौर का ग्रामीणों द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष ने किसान की समस्या की जानकारी लेते हुए कहा किसान मोर्चा किसानों की समस्या को केन्द्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्य सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तक किसानों की समस्या को पंहुचाने का कार्य करता है,



किसान मोर्चा किसानों को खेती करने के लिए प्रेरक का कार्य करती है।

किसानों को किस प्रकार की खेती करनी चाहि उसके के बारे में जानकरी देने का कार्य करती है। सभी लोग सरकारी नौकरी के पीछे भागते है पर सभी को सरकारी नौकरी या कोई बिजनेस नही कर सकता है।

युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ खेती करना सिखाऐं जिससे खेती कार्य करने से सैकड़ो को रोजगार मिलेगा।

### बिजली कटौती के खिलाफ भाजपा का हल्लाबोल

# अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन, जल्द समाधान का मिला आश्वासन

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में पिछले कुछ समय से हो रही अघोषित और अत्यधिक बिजली कटौती के विरोध में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से मिला। भाजपा नेताओं ने शहरवासियों को आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए बिजली व्यवस्था में तुरंत सुधार करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में बार-बार हो रही बिजली कटौती से आम नागरिक, व्यापारी और छात्र बेहद परेशान हैं। अघोषित कटौती के कारण लोगों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और व्यापार पर भी इसका बुरा असर पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अघोषित बिजली कटौती पर रोक नहीं लगाई गई और ट्रिपिंग की समस्या को ठीक नहीं किया गया, तो पार्टी आम जनता के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी । भाजपा प्रतिनिधिमंडल की बात को गंभीरता से सुनते हुए अधीक्षण अभियंता ने माना कि तकनीकी कारणों और लोड बढ़ने की वजह से कुछ इलाकों में दिक्कतें आई हैं। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा की शहर की बिजली व्यवस्था को जल्द ही पूरी तरह सुचारू कर दिया जाएगा। फॉल्ट और ट्रिपिंग की समस्याओं को दूर करने के लिए तकनीकी टीम को अलर्ट पर रखा गया है। आमजन से मिलने वाली बिजली संबंधी शिकायतों का समय रहते त्वरित समाधान किया जाएगा। मुलाकात के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, शहर महामंत्री संजय भूटानी ,शहर प्रवक्ता अभिषेक जैन, उपाध्यक्ष पप्पू सोनी, हैप्पी सिंधी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### फर्जी फिजियोथेरेपिस्टों पर शिकंजा, दो आरोपी हिरासत में

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट्स (ढ्ढक्क) कोटा शाखा की शिकायत पर कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने फिजियोथेरेपी के नाम पर अवैध क्लीनिक संचालित करने वाले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। सुवालका ऋद्धि-सिद्धि विहार स्थित 'स्पाइन फिजियोथेरेपी चिकित्सा सेंटर' में बिना वैध योग्यता के मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मुख्य आरोपी कृष्ण कुमार उर्फ कृष्ण मुरारी और उसके सहयोगी देवेंद्र कुमार वर्मा के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान दोनों आरोपियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में फिजियोथेरेपी कार्य, होम विजिट या क्लीनिक संचालन नहीं करने का सार्वजनिक आश्वासन दिया। ढ्ढक्क कोटा ने जिले में भ्रामक विज्ञापन और बिना पंजीकरण संचालित चिकित्सा केंद्रों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## नोटिस के बाद भी नहीं हटे कब्जे, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने चलाई जेसीबी



**जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नेशनल हाईवे 148डी पर स्थित चावंडिया चौराहे पर शनिवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई की गई। दुकानों के आगे किए गए अवैध कब्जों तथा सड़क किनारे फल-सब्जी के थेलों और अस्थायी केबीनों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रोजेक्ट मैनेजर हिमांशु सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे 148डी पर अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को पूर्व में नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर शनिवार को कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटाया गया। उन्होंने बताया कि नेशनल हाईवे 148डी की सड़क के सेंटर से दाएं-बाएं 15-15 मीटर तक के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा, ताकि सड़क चौड़ीकरण एवं विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार रमेश मीणा, नेशनल हाईवे के साइट इंजीनियर मुकेश सिंह, इंजीनियर गोविंद सिंह, पटवारी जितेंद्र महावर, जहाजपुर थाना पुलिस तथा कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के जवान मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जबकि आमजन ने हाईवे को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने की पहल का स्वागत किया।

# श्रद्धा और साधना के भावों से स्मरण की गई गुरुणी विमल कंवर म.रा.साहब की पुण्यतिथि

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** सांगानेर रोड स्थित यश सिद्ध स्वाध्याय भवन में जैन समाज की पूज्य, सरलमना एवं अध्यात्ममयी विभूति गुरुणी विमल कंवर मारासाहब की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और साधना के भावों के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नवकार महामंत्र जाप, सामायिक साधना तथा गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने सहभागिता कर गुरुणी मारासाहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूरे परिसर में नवकार महामंत्र की गूंज और आध्यात्मिक साधना के वातावरण ने श्रद्धालुओं को धर्मरस में सराबोर कर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक साधना के माध्यम से आत्मशुद्धि एवं आत्मकल्याण का संकल्प लिया। गुणानुवाद सभा को संबोधित करते हुए संघ के मुख्य सलाहकार भूपेंद्र सिंह पगारिया, मनीष बम्ब एवं मुकेश डांगी ने कहा कि गुरुणी विमल कंवर मारासाहब का संपूर्ण जीवन संयम, तप, साधना, स्वाध्याय और सेवा का अनुपम उदाहरण रहा है। उन्होंने अपने मधुर प्रवचनों, सहज व्यक्तित्व एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन से असंख्य लोगों के जीवन में धर्म चेतना का प्रकाश फैलाया। वक्ताओं ने कहा कि संत-महापुरुषों की पुण्यतिथि केवल उनके स्मरण का अवसर नहीं होती, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और धर्ममार्ग पर आगे



बढ़ने की प्रेरणा भी देती है। गुरुणी मारासाहब ने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को धर्म, आत्मकल्याण और समाज के आध्यात्मिक उत्थान के लिए समर्पित किया। उनका जीवन वर्तमान पीढ़ी के लिए एक प्रेरणापुंज है। सभा में वक्ताओं ने गुरुणी मारासाहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए आध्यात्मिक संस्कार, सदाचार के संदेश और आत्मजागरण की प्रेरणा सदैव समाज का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, स्वाध्याय, संयम और आत्मचिंतन को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया।

# गौसेवा का दिया संदेशः उपभोक्ता कल्याण समिति ने रामधाम गौशाला में वितरित किया 15 क्विंटल हरा चारा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** उपभोक्ता कल्याण समिति, राजस्थान द्वारा गौसेवा एवं सामाजिक सरोकारों के तहत रामधाम स्थित गौशाला में 15 क्विंटल हरा चारा वितरित किया गया। समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन एवं प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्य में समिति के प्रदेश पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। समिति के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र मारू ने कहा कि गौमाता की सेवा भारतीय संस्कृति में सर्वोच्च धर्म मानी गई है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गाय में 33 कोटि देवताओं का वास माना जाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौसेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में गौवंश घूमता दिखाई देता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा तथा जिला कलेक्टर एवं विधायक को ज्ञापन सौंपकर आवारा गौवंश को गौशालाओं में पहुंचाने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समिति के प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी ने बताया कि चारा वितरण अभियान में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सक्सेना, संरक्षक आशा रामावत, मंजू पोखरना, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, गौभक्त सुभाष ददानी, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अनिल पारीक, महिला युवा प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सरगरा, जिलाध्यक्ष राजेश पाटनी, जिला सचिव कमलेश बोडाना, एडवोकेट पीरूसिंह गौड़, अनिल मेहता, युवा सचिव नवरतन बुरड़, प्रदेश सचिव आशीष अग्रवाल, शर्मिला मारू, अरविंद जैन, रेणू जैन, बालमुकुंद सोनी तथा मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल की निशा अग्रवाल, रेणू अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल एवं शिल्पा अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। गौशाला में चारा वितरण के



दौरान उपस्थित सदस्यों ने गौसेवा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में सहयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प भी लिया गया।

### पंचायत समिति भैरून्दा में सहायक लेखा अधिकारी प्रथम गेनाराम चौधरी का सेवा निवृत्ति समारोह आयोजित

**भैरून्दा (हुक्मनामा समाचार)।** पंचायत समिति भैरून्दा कार्यालय में शुक्रवार को सहायक लेखा अधिकारी प्रथम गेनाराम चौधरी के सम्मान में सेवा निवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी ने अपने लंबे सेवाकाल में ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए एक आदर्श अधिकारी की पहचान बनाई। वे समय के पाबंद होने के साथ-साथ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी रहे। उनकी कार्यशैली हमेशा प्रेरणादायक रही और उन्होंने अपने अनुभवों एवं व्यवहार से सहकर्मियों का मार्गदर्शन कर कार्यालयीन कार्यों को नई दिशा प्रदान की। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि सेवा केवल दायित्व निभाने का माध्यम नहीं होती, बल्कि समाज और संगठन के प्रति समर्पण का परिचायक भी होती है। चौधरी ने अपने पूरे कार्यकाल में इसी भावना को आत्मसात कर कार्य किया, जिसके कारण वे सभी के बीच सम्मान और स्नेह के पात्र बने रहे। इस अवसर पर ग्राम सेवक संघ द्वारा उन्हें एप्पल मोबाइल फोन भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि महिला कार्मिकों ने स्मृति स्वरूप आकर्षक फोटो फ्रेम प्रदान किया। अतिथियों एवं कर्मचारियों ने साफा पहनाकर, माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

# तेज आंधी और बारिश का तांडव, बांदरसिंदरी में भारी नुकसान



**बांदरसिंदरी (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे में अचानक मौसम के बदले मिजाज ने भारी तबाही मचाई है। शनिवार शाम को आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के कारण बांदरसिंदरी कस्बा और आसपास का इलाका बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तूफानी हवाओं के चलते क्षेत्र में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और भारी आर्थिक नुक़सान हुआ है।आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग - 48 पर स्थित राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय का मुख्य साइनबोर्ड भरभराकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि जिस वक्त यह बोर्ड गिरा, उस समय वहां से कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था।आंधी के चलते कई मकानों और दुकानों पर रखी लोहे की चद्दरें (टीन शेड) हवा में ताश के पत्तों की तरह उड़ गई।कई गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के आशियानों की छतें उड़ने से उनके घर का सामान भी बारिश में भीग गया।फिलहाल इस आपदा में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

### स्पीचक्राफ्ट प्रशिक्षण में जेसीआई बूंदी ऊर्जा की सहभागिता



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** कोटा में आयोजित दो दिवसीय स्पीचक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में बूंदी ऊर्जा की कोषाध्यक्ष जेसी नेहा शर्मा ने प्रभावी वक्तृत्व कला, आत्मविश्वास, संचार कौशल एवं मंच संचालन के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण लिया। कार्यक्रम की हेड कोच जेसी रूपल शाह रहीं, जबकि को-कोच जेसी अनीश महेश्वरी एवं जेसी अक्षय नायर ने प्रशिक्षण का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की चेयरमैन जेसी प्रियंका सेन थीं। इस अवसर ज़ेड पी बी.के डाड व जेड वी पी आयुष झवर की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही जेसी योगेश चांडक, जेसी गौरव माहेश्वरी एवं जेसी प्रीतम गोस्वामीद्व ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जेसीआई बूंदी ऊर्जा की कोषाध्यक्ष जेसी नेहा शर्मा ने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि पर जेसीआई बूंदी ऊर्जा परिवार ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### आगुन्ता की गुर्जरो की ढाणी में रात्री चौपाल कार्यक्रम आयोजित



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** खुनखुना मंडल के ग्राम आगुन्ता की गुर्जरों की ढाणी में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर अन्नदाता किसानों से संवाद किया। मंडल अध्यक्ष कमल सिंह खरेश ने बताया की किसान हित, खेत-खलिहान और गांव विकास के संकल्प के साथ निरंतर जनसेवा ही हमारा संकल्प हैं। प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने रात्री चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा किसान गरीब नही होता है किसान को गरीब बताया जाता किसान तो अन्नदाता होता है जो अपने खेत में फसल उत्पन्न कर पूरे देश के परिवारो का पालन करता है और किसानों की समस्या को सरकार तक पंहुचाना हमारा काम है जिससे सरकार द्वारा नई योजना चलाकर किसानों को फायदा हो सके। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह जोधा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्याम प्रताप सिंह रूवा, पूर्व सरपंच करण गुर्जर आगुन्ता सहित स्थानीय किसान भाइयों की उपस्थिति रहीं।

# वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विशाल साइकिल रैली आज

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव के निर्देशन में राज्य सरकार के महत्वाकां 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत आमजन में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करने हेतु 31 मई, रविवार को खेल संकुल से प्रातः 7:30 बजे विशाल साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह चुंडावत ने बताया कि साइकिल रैली का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, युवाओं एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना तथा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति सकारात्मक संदेश देना है।